36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-36 अंक-360 | रायपुर, बुधवार 20 मई 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com



## फर्स्ट कालम

### भारत, वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत में स्थिरता और नौवहन की स्वतंत्रता की प्रतिबद्धता जताई

नई दिल्ली। भारत और वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में उप प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारत एवं वियतनाम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितंबर में भारत आएंगे, ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितंबर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसंबर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था। एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसंबर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

### उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी का निधन



देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवन चंद्र खंडूरी का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा। श्री खंडूरी लंबे समय से वृद्धावस्था जनित रोगों से ग्रस्त थे। उनका यहां मैक्स हॉस्पिटल में उपचार किया जा रहा था, जहां उन्होंने आज अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। राज्य सरकार ने श्री खंडूरी के निधन पर तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। कल उनके अंतिम संस्कार पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

ढाका। बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाए गए। मृतक की पहचान 35 साल नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बॉडी मिली। वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डॉर्मिटरी में रहते थे।

### खाड़ी देशों की अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि खाड़ी देशों के अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया है और उम्मीद जतायी है कि यह घोषणा अंततः स्थायी हो जाएगी। श्री ट्रंप ने सोमवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध के बाद उन्होंने मंगलवार के लिए निर्धारित ईरान पर सैन्य हमला रद्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध चल रही ÷गंभीर बातचीत÷ के कारण किया गया था, जिसके बारे में पश्चिम एशिया के नेताओं का मानना है कि इसका परिणाम एक ऐसे समझौते के रूप में निकल सकता है जो अमेरिका को स्वीकार्य हो। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैंने इसे थोड़े समय के लिए टाल दिया है ।

## केन्द्रीय गृह अमित शाह की अध्यक्षता में जगदलपुर में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक

# नक्सल मुक्त करने के बाद अब विकास और त्वरित न्याय व्यवस्था पर ध्यान देना होगा : शाह

- केन्द्रीय गृह मंत्री ने सम्पूर्ण देश के नक्सलमुक्त होने पर पीएम मोदी का आभार प्रकट किया
- यह बैठक बस्तर में आयोजित हो रही है और बैठक से पूर्व ही पूरा बस्तर नक्सलमुक्त हो चुका है
- जब तक नक्सलमुक्त क्षेत्रों को विकास के मामले में देश के बाकी क्षेत्रों के समकक्ष नहीं ले आते, तब तक हमारी यह लड़ाई समाप्त नहीं होगी
- यह पूरा क्षेत्र न केवल नक्सलमुक्त हुआ है, बल्कि विवादमुक्त भी हुआ है
- मध्य क्षेत्र के राज्यों का आपस में एवं केंद्र के साथ कोई विवाद शेष नहीं, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है
- केन्द्रीय गृह मंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों एवं मुख्य सचिवों से कुपोषण के विरुद्ध भारत सरकार की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया




समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जगदलपुर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित इन सदस्य राज्यों और केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह बैठक केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत अंतर-राज्य परिषद सचिवालय द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की मेज़बानी में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि यह बैठक बस्तर में आयोजित की जा रही है और इससे पहले ही आज पूरा बस्तर नक्सल मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आज भारत के नक्सल मुक्त होने का संपूर्ण श्रेय हमारे सुरक्षाबलों के जवानों के परिश्रम और बहादुरी को जाता है। हमारी एजेंसियों ने बहुत सटीकता के साथ इनपुट एकत्र किए, सभी राज्यों के पुलिसबलों और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर हर इनपुट पर सटीक कार्रवाई करने से संबंधित समयबद्ध निर्णय किए। इसके साथ ही संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ सभी राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार के सभी विभागों ने नक्सलमुक्त हुए क्षेत्रों में विकास को पहुंचाने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि हमारी लड़ाई समाप्त नहीं हुई है क्योंकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र लगभग पांच दशक से विकास की दौड़ में पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक इन क्षेत्रों को विकास के मामले में देश के बाकी क्षेत्रों के समकक्ष नहीं ले आते, तब तक हमारी लड़ाई समाप्त नहीं होगी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने पूरे देश के नक्सल मुक्त होने के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हार्दिक अभिनंदन किया।

(शेष पेज-4 पर)।

### मध्य क्षेत्र के समृद्ध खनिज भंडार से देश के विकास को गति मिलती है

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य हैं। उत्तर के हिमालय क्षेत्र से लेकर गंगा-यमुना के मैदानी भूभाग से लेकर मध्य भारत के पठारी, वन समृद्ध और खनिज समृद्ध क्षेत्र इस क्षेत्र में आते हैं, जो निश्चित रूप से देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होने कहा कि यह क्षेत्र हमें देश के अनाज के भंडारों को भरने में बड़ी मदद करता है। इस क्षेत्र के समृद्ध खनिज भंडार से देश के विकास को गति मिलती है और इसी क्षेत्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति ने देश को आगे बढ़ाने में मदद की है। इसी क्षेत्र में देश के आस्था के सभी केंद्र करीब-करीब एक ही जगह पर आए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लगभग सात राज्यों को जोड़ता है और इस दृष्टि से पूरे मध्य क्षेत्र का बहुत महत्व है। गृह मंत्री ने कहा कि आज यह पूरा क्षेत्र ना केवल नक्सल मुक्त हुआ है, बल्कि विवादों से भी मुक्त हुआ है, जो हम सबके लिए बहुत हर्ष का विषय है।

### केंद्र-राज्यों के बीच सभी विवादित मुद्दे बेहतर माहौल में समाधान कर रहे

श्री शाह ने कहा कि राज्यों के बीच के और राज्यों और केन्द्र के बीच के सभी विवादित मुद्दे समाप्त कर हम आज एक अच्छे वातावरण में यह बैठक कर रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि आज की बैठक में सभी एजेंडा विकास की मॉनिटरिंग से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारा संघीय ढांचा मजबूत हुआ है और क्षेत्रीय परिषद की बैठकें निरंतर हो रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप बहुत बड़े भूभाग में चार राज्यों के बीच और चार राज्यों का केन्द्र के साथ कोई विवाद ही नहीं बचा है, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम 90 पैसे बढ़े 15 राज्यों में पेट्रोल 100 लीटर पार डीजल 17 में 90 से ऊपर



नई दिल्ली। देश में पेट्रोल और डीजल आज 19 मई से औसतन 90 पैसे प्रति लीटर और महंगा हो गया है। इससे पहले 15 मई, शुक्रवार को ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3-3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। यानी पांच दिन के भीतर में यह दूसरी बढ़ोतरी है। देश के 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बिक रहा है। वहीं 17 में डीजल का दाम 90 रुपए लीटर से ज्यादा है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और किल्लत का असर दिखने लगा है। महराजगंज में सोमवार रात से ही लोग पेट्रोल पंपों के बाहर मच्छरदानी लगा के सो रहे हैं। जिले में ज्यादातर पेट्रोल पंप बंद पड़े हैं। वहीं, बस्ती में बाइक सवारों को 200 रुपए का तेल और कार वालों को 1000 रुपए का ही तेल दिया जा रहा है। यहां पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से लोग नाराज हैं। लोगों का कहना है कि दाम बढ़ने के कारण बहुत परेशानी हो रही है, महंगाई बढ़ गई है। वहीं जमुई में पेट्रोल के कैपिंग की जा रही है। कुछ पंप पर केवल 200 रुपए के ही पेट्रोल दिए जा रहे हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

### आम जनता को लूटना और अडानी को अमेरिका में खुली छूट देना - यही मोदी जी का समझौतावादी मॉडल है : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ईंधन की कीमतों में हुई हालिया वृद्धि को लेकर हमला बोला और सरकार पर नागरिकों पर बोझ डालने और कथित तौर पर व्यापारिक हितों की रक्षा करने का आरोप लगाया। एक्स से बात करते हुए खरगे ने कहा कि कीमतों में वृद्धि के महज चार दिन बाद, मोदी सरकार ने एक बार फिर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा दी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि आम जनता को लूटना और अडानी को अमेरिका में खुली छूट देना - यही मोदीजी का समझौतावादी मॉडल है। खरगे की टिप्पणी न्यूयॉर्क में प्रतिभूति और वायर धोखाधड़ी मामले में गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी के खिलाफ आपराधिक आरोपों को स्थायी रूप से हटाने के अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले के संदर्भ में थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पिछले आदेश में बदलाव से किया इनकार

### अवमानना पर कार्रवाई की चेतावनी

नई दिल्ली (ए)। उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पिछले आदेश में बदलाव से इनकार करते हुए कहा है कि कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं और इनके हमलों में बच्चें, बुजुर्ग घायल हुए हैं और यहां तक कि विदेशी यात्रियों को भी कुत्तों के हमलों का सामना करना पड़ा है।

उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन वी अंजारिया की पीठ ने नवंबर 2025 में जारी निर्देशों में संशोधन की मांग वाली विभिन्न याचिकाओं को मंगलवार को खारिज कर दिया । पीठ ने पशु प्रेमियों और पशु अधिकार संगठनों की याचिकाओं पर कुत्तों को हटाने संबंधी अपने पिछले आदेश में बदलाव करने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया है कि नसबंदी के बाद भी इन कुत्तों को दोबारा उसी स्थान पर नहीं छोड़ा जाएगा। शीर्ष अदालत ने आदेश का पालन नहीं करने पर अवमानना कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों जैसे



भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों से पकड़े गए आवारा कुत्तों को आश्रय गृहों में रखा जाए और उन्हें दोबारा उसी स्थान पर न छोड़ा जाए। पीठ ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। न्यायालय ने बच्चों पर कुत्तों के हमलों से जुड़ी ÷बेहद चिंताजनक घटनाओं÷ का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को गंभीर रूप से घायल किया गया है, बुजुर्गों पर हमले हुए हैं और यहां तक कि विदेशी यात्रियों को भी कुत्तों के हमलों का सामना करना पड़ा है। शीर्ष अदालत ने लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उच्चतम न्यायालय ने मानव जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाले ÷पागल और खतरनाक कुत्तों÷ को इच्छामृत्यु (यूथेनेशिया) देने की अनुमति भी दी।

### फाल्टा से तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान पुनर्मतदान से पहले दौड़ से हटे सुवेंदु सरकार की तारीफ की



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में शांति और विकास को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की। यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गयी है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है। श्री बनर्जी के करीबी माने जाने वाले श्री खान ने एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री अधिकारी के नेतृत्व और प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए चुनाव से हटने की घोषणा की।

## देश आर्थिक तूफान की ओर बढ़ रहा : राहुल



रायबरेली (ए)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने दो दिवसीय रायबरेली दौरे के दौरान मंगलवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश ÷आर्थिक तूफान÷ की ओर बढ़ रहा है और इसका सबसे अधिक असर आम जनता, युवाओं, किसानों तथा छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा।

राहुल गांधी ने बछरांवा क्षेत्र में एक नवनिर्मित बारात घर का लोकार्पण करने के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योगपति अडाणी और अंबानी के पक्ष में जो आर्थिक ढांचा तैयार किया है, वह टिकाऊ नहीं है और आने वाले समय में पूरी तरह ढह जाएगा। इसके चलते देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को भविष्य में ÷आर्थिक शॉक÷ झेलना पड़ सकता है। श्री गांधी ने कहा कि इसका प्रभाव बड़े उद्योगपतियों या सत्ता में बैठे लोगों पर नहीं, बल्कि किसानों, युवाओं और छोटे कारोबारियों पर पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि आने वाला समय आम लोगों के लिए कठिन होने वाला है। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री लोगों को विदेश यात्रा नहीं करने और आत्मनिर्भर बनने की सलाह दे रहे हैं, जबकि दूसरी ओर वह स्वयं लगातार विदेश दौरों पर जा रहे हैं। राहुल गांधी मंगलवार को अपने दो दिवसीय रायबरेली दौरे पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने बछरांवा में बारात घर का उद्घाटन करने के अलावा खीरो क्षेत्र में जनसंवाद कार्यक्रम तथा लालगंज में महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

### शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार, लेकिन सड़क जाम कर लोगों को परेशान नहीं कर सकते : सीजेआई



नई दिल्ली। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस सूर्यकांत ने मंगलवार को कहा कि देश में सभी लोगों को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन सड़क पर उतरकर आम लोगों के लिए परेशानी खड़ी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के नाम पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या डर का माहौल बनाने की परमिशन नहीं दी जा सकती। सीजेआई ने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नामकरण को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ी सुनवाई के दौरान कही। याचिका में दावा किया गया था कि एयरपोर्ट के नाम को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

## मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा

### रफ्तार कम रहेगी, पूरे देश को देरी से कवर करेगा

नई दिल्ली (ए)। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या ज्यादा रह सकती है। जून से सितंबर के दौरान 7 से 14 दिन तक के कई ब्रेक आ सकते हैं। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर के अध्यक्ष जीपी शर्मा कहते हैं कि इस बार मानसून पर 2002 जैसा खतरा दिख रहा है। तब मानसून 29 मई को केरल पहुंच गया था। सामान्य रूप से ये 35 से 38 दिनों में पूरे भारत को कवर कर लेता है। लेकिन, 2002 में उसे 79 दिन लगे थे और 15 अगस्त को मानसून पूरे देश में छाया था।

### वन नेशन, वन इलेक्शन- जेपीसी की टीम गुजरात पहुंची

गांधीनगर। वन नेशन-वन इलेक्शन के मुद्दे पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने विभिन्न राज्यों का दौरा कर राजनीतिक दलों और अधिकारियों से परामर्श शुरू कर दिया है। प्रियंका गांधी, संबित पात्रा और बांसुरी स्वराज समेत समिति के 39 सदस्य आज से तीन दिनों के लिए गुजरात पहुंचे हैं। जेपीसी सदस्य मंगलवार की शाम गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल और राज्य के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर उनके विचार जानेंगे। समिति की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस शाम 5.30 बजे गांधीनगर की गिफ्ट सिटी में होगी। वहीं, समिति ने समिति ने 20 मई 2026 को सभी राजनीतिक दलों को अपने विचार रखने के लिए गांधीनगर बुलाया है।

## विदेश दौरा

### प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया

# नार्वे और भारत के बीच सहयोग की अपार संभावना, नार्वे की कंपनियों के लिए खुले हैं दरवाजे : मोदी

ओस्लो (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और नार्वे के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा है कि नॉर्वे की कंपनियों के लिए भारत के दरवाजे खुले हैं और उन्हें स्वच्छ ऊर्जा, जहाज निर्माण, समुद्री उद्योगों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी में निवेश के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास खाद्य सुरक्षा, उर्वरक, मत्स्य पालन और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के उत्कृष्ट अवसर हैं।

नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गये श्री मोदी ने सोमवार रात भारत-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने बाद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि व्यापार क्षेत्र और अनुसंधान जगत से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद करना एक सुखद अवसर था। उन्होंने कहा कि ओस्लो सिटी हॉल में



प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे और मैंने एक व्यापार एवं अनुसंधान शिखर सम्मेलन में भाग लिया। व्यापार क्षेत्र और अनुसंधान जगत से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद करना एक सुखद अवसर था। हमारे देशों के पास खाद्य सुरक्षा, उर्वरक, मत्स्य पालन और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के उत्कृष्ट अवसर हैं। मैंने नॉर्वे को भारत की स्वच्छ ऊर्जा पहलों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मैंने भारत के सुधार एजेंडा के समर्थन में भी अपने विचार रखे। जहाज निर्माण एक ऐसा क्षेत्र है जो व्यापक और असीम संभावनाएं प्रदान करता है। श्री मोदी ने भारत और नॉर्वे के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग का आह्वान करते हुए नॉर्वे की कंपनियों को स्वच्छ ऊर्जा, जहाज निर्माण, समुद्री उद्योगों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी में निवेश बढ़ाने के लिए कहा। शिखर सम्मेलन में नॉर्वे के क्राउन प्रिंस हाकोन के अलावा 50 से अधिक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ-साथ दोनों देशों के व्यापार और अनुसंधान क्षेत्रों के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

### भारत और नार्वे ने सहयोग बढाने के लिए नौ समझौते किए

ओस्लो। भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को ÷ ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप÷ के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है। दोनों देशों ने ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप÷ के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की।

### पीएम मोदी इंडिया-नॉर्डिक समिट में शामिल हुए

ओस्लो। मोदी ने तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और कानून का सम्मान के नरजिए से भारत और नॉर्डिक देशों को स्वाभाविक साझेदार हैं। नॉर्डिक देशों में नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन शामिल हैं। पीएम ने कहा कि भारत और नॉर्डिक देशों के बीच सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है और आने वाले समय में यह साझेदारी और आगे बढ़ेगी। इससे पहले मोदी ने नॉर्वे के पीएम योनास गार स्टोरे, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेट्टेरी ओर्पो और आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रुन म्योल फ्रॉस्टाडोटिर से भी मुलाकात की।

**न्यूज ब्रीफ**

### नगर पंचायत में बैठक में विभिन्न विषयों पर मुहर लगी



**साजा।** आज नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में बैठक आयोजित किया गया, जिसके तहत समूहों को नगर के घरों से अपशिष्ट अलग अलग जैसे कि गीला और सूखा देने के संबंध में समझाइस दिया गया,साथ ही साथ निकाय क्षेत्र में अपशिष्ट प्रबंधन नियमानुसार वार्डो की साफसफाई के लिए अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष हिमांशु वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत कुमार लोन्हारे के अलावा नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि सभापतिगण कमलनारायण सिंह, आशीष वर्मा, दुर्गा गोयल, नेहा यादव, गौकरण साहू सहित व्यापारी संघ के अध्यक्ष निकेश जैन कर्मचारीगण भारत भूषण ठाकुर, ठुबलू राम सिन्हा, केशव राम साहू, भूपेश सिन्हा, दुकालु वर्मा सहित स्व.सहायता समूह के सदस्यगण उपस्थित हुए।

### अवैध मुरूम उत्खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, जेसीबी और हाइवा वाहन जब्त



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग के मैदानी अमले द्वारा ग्राम सूरजपुरा स्थित भरेवापाट डोंगरी सहसपुर लोहारा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए गौण खनिज मुरूम के अवैध उत्खनन में संलग्न 1 जेसीबी एवं 1 हाइवा वाहन जप्त किया गया। खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध गतिविधियों में प्रयुक्त मशीन एवं वाहन को कब्जे में लेकर संबंधित थाने में सुपुर्दगी में रखा है। साथ ही अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उपनिर्वाचन मई-2026 के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के पत्र के अनुसार नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन मई-2026 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य के लिए जिला कबीरधाम के नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पंच एवं सरपंच पदों के उप निर्वाचन के लिए श्री लक्ष्मण सिंह (आई.एफएस. 2010), उप वन संरक्षक (रोकड़), प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख कार्यालय, छत्तीसगढ़ अरण्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा), अरण्य भवन, नवा रायपुर को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के लाईजनिंग व्यवस्था के लिए श्री शिवेन्द्र भगत, उप वनमण्डलाधिकारी, सहसपुर लोहारा को लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वे प्रेक्षक के आगमन, भ्रमण, ठहरने, सत्कार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। प्रेक्षक के सहयोग के लिए श्री रामशरण कौशिक, राजस्व निरीक्षक, भू-अभिलेख शाखा, कबीरधाम और 2. श्री प्रदीप ठाकुर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कवर्धा वनमण्डल मोबाईल नंबर 9098821899 की ड्यूटी लगाई गई है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु पदस्थापना स्थल चयन की प्रक्रिया 25 मई को

**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु 38 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त विज्ञापित पदों jr.secretarial Assistant-UAAM एवं MO-Ayush (RBSK) के लिए प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का मेरिट आधार पर पदस्थापना स्थल चयन की प्रक्रिया 25 मई 2026 को अपरान्ह 12 बजे को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सभागार में की जाएगी। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट www.durg.gov.in में देखी जा सकती है।

# हर पंचायत में 500 पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ मानसून में चलेगा पौधारोपण अभियान, तैयारी शुरू

### राजस्व के लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर सख्त, कलेक्टर ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता




**कवर्धा।** आगामी मानसून में जिले के हर पंचायत में कम से कम 500 पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग इसके लिए पौधे तैयार कर लें पंचायतों में समय से गड्ढे खुदवा लिए जाएं। वन विभाग, जनपद पंचायत और मनरेगा के साथ अन्य विभाग भी इसके लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर लें।

उक्त बाते कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज समय सीमा की बैठक में अधिकारियों से कही। मानसून में वृहत वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों पर कलेक्टर ने आगे कहा कि पौधों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पौधारोपण आम, जामुन, सीताफल जैसे प्रजाति विशेष के क्लस्टर बनाते हुए किए जायेंगे। जिससे बाद में वहां प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से वैल्यू एडिशन करते हुए उसे आजीविका संवर्धन से भी जोड़ा जा सके। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों को अगले हफ्ते तक निराकरण करें। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार सहित अन्य प्रकरणों की लगातार सुनवाई करते हुए निराकृत करें। जहां पटवारी प्रतिवेदन की आवश्यकता है तत्काल मंगवाए। काम में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जो भी स्वीकृत किंतु अप्रारंभ आवास हैं, उनमें हितग्राहियों से संपर्क साधते हुए कार्य प्रारंभ कराते हुए प्रगति लाया जाए । उन्होंने सभी सीईओ जनपदों से कहा कि राशि जारी हो चुके हितग्राहियों से केस टू केस लगातार संपर्क बनाए रखें ताकि काम जल्द पूरा किया जा सके। कलेक्टर ने पीएम जनमन और आवास योजना के आवासों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आवासों और घरों में लोगों को वर्षा जल संचयन के लिए सोक पीट बनवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि घरों में बहुत कम खर्चे में वर्षा जल को संचित कर भूजल रिचार्ज किया जा सकता है। यह गर्मियों के दौरान वाटर लेवल डाउन होने की समस्या से निपटने का एक कारगर उपाय है। आयुष्मान और वय वंदन योजना के शेष बचे हितग्राहियों के कार्ड जल्द बनाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ऐसे इलाकों का चयन कर जहां हितग्राहियों के कार्ड नहीं बने हैं, कैंप लगाया जाए। ताकि लक्ष्य की शीघ्र पूर्ति हो। इसके साथ ही उन्होंने जनगणना 2026 के तहत मकान सूचीकरण के काम में अब तक सर्वे का काम जिन हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में पूरा नहीं हुआ है उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से नगरीय निकायों में सभी सीएमओ को कम सर्वे वाले क्षेत्रों में तेजी से कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए। बैठक कलेक्टर श्री वर्मा ने पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले में जिनके पास पांडुलिपि, या प्राचीन दुर्लभ, ग्रंथ अथवा दस्तावेज है उसका सर्वे करते हुए ऐप में उसे अपलोड सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जिले में प्रतिबंधित 'थाई मांगुर' और 'बिग हेड' मछलियों के पालन, क्रय विक्रय व परिवहन पूर्ण प्रतिबंधित

### उल्लंघन करने पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के मछली पालन विभाग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के भीतर विदेशी 'थाई मांगुर' (क्लेरियस गैरीपिनस) और 'बिग हेड' (हाइपोफ्थेलमिचिथिस नोबिलिस) प्रजाति की मछलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब जिले में इन प्रतिबंधित मछलियों के बीज उत्पादन, पालन, संवर्धन, क्रय-विक्रय तथा परिवहन जैसी गतिविधियों को पूरी तरह से रोक दिया गया है, और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मत्स्य पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये विदेशी मांसाहारी प्रजातियां स्थानीय जलीय पर्यावरण और पारंपरिक मत्स्य पालन के लिए एक गंभीर खतरा बन चुकी हैं। ये आक्रामक मछलियां हमारे स्थानीय तालाबों और नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देती हैं और स्वदेशी मछलियों को खा जाती हैं, जिससे स्थानीय जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही, दूषित जल और हानिकारक अपशिष्टों को खाकर तेजी से बढ़ने वाली इन मछलियों के सेवन से मानव स्वास्थ्य पर बेहद बुरा असर पड़ता है और नागरिकों में कैंसर व त्वचा रोग जैसी घातक बीमारियों की आशंका बनी रहती है। इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए मछली पालन विभाग द्वारा एक विशेष उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार औचक निरीक्षण करेगा। यदि जिले के किसी भी निजी या शासकीय तालाब, बाजार अथवा परिवहन वाहन में प्रतिबंधित थाई मांगुर या बिग हेड मछली पाई जाती है।

# आयुष्मान कार्ड से कोई भी पात्र मरीज वंचित न रहे: कलेक्टर गोपाल वर्मा

### आयुष्मान कार्ड से मिल रहे इलाज का जायजा, लेने कलेक्टर पहुंचे रूप जीवन हॉस्पिटल

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** जिले के अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से मिल रहे इलाज का जायजा लेने और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज कवर्धा स्थित रूप जीवन हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती एवं उपचार करा रहे मरीजों से सीधे बातचीत कर आयुष्मान कार्ड के उपयोग, उपचार में मिलने वाली सुविधाओं तथा योजना के लाभ की जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों से पूछा कि उन्हें आयुष्मान कार्ड से उपचार का लाभ मिल रहा है या नहीं। उन्होंने मरीजों को उपचार के दौरान आयुष्मान कार्ड साथ लाने की जानकारी दी, ताकि इलाज में किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की आवश्यकताओं और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड का लाभ सभी पात्र मरीजों तक पहुंचना चाहिए और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अस्पताल की ओपीडी में आने वाले ऐसे मरीज, जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है, उनका तत्काल कार्ड बनाया जाए। जब भी कोई पेशेंट हॉस्पिटल आता है, तो अस्पताल प्रबंधन की यह जिम्मेदारी है कि वह मरीज और उसके परिजनों को आयुष्मान कार्ड साथ में लाने की जानकारी दे और जागरूक करे कि इसी कार्ड से उनका निःशुल्क इलाज होगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम घूघरी निवासी राजेश सहित अन्य मरीजों से चर्चा कर आयुष्मान कार्ड और उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री वर्मा ने अस्पताल के आपातकालीन वार्ड का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आयुष्मान योजना का लाभ सही तरीके से मिल रहा है या नहीं, इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक पात्र मरीज का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरत के समय आर्थिक अभाव उपचार में बाधा न बने।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश 63.50 लाख रुपए का माल बरामद

### मेरठ से दो आरोपी गिरफ्तार, दुर्ग-भिलाई समेत कई शहरों की चोरियां खुलीं

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** दिनदहाड़े हो रही चोरी की घटनाओं को चुनौती के रूप में लेते हुए दुर्ग पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उत्तरप्रदेश के मेरठ से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 400 ग्राम सोना, जिसकी कीमत लगभग 60 लाख रुपये बताई जा रही है, तथा 3 लाख 50 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। कुल बरामद मशरूका की कीमत 63 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार नेहरू नगर एवं दुर्ग क्षेत्र में लगातार दिन के समय हो रही चोरियों की घटनाओं की जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण और घटनास्थलों के आसपास लगे सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। महत्वपूर्ण सुराग मिलने पर थाना सुपेला एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम को मेरठ और दिल्ली रवाना किया गया। जांच के दौरान मेरठ निवासी आरोपी हासीम खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बिलासपुर से एक एक्टिवा वाहन खरीदकर दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और नवा रायपुर में रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपीगण कुछ दिनों से रायपुर के मोदहापारा क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहे थे। गिरोह के सदस्य फेरीवाले बनकर कपड़े और कालीन बेचने के बहाने कॉलोनियों में घूमते थे तथा बाहर से ताला लगे सूने मकानों को चिन्हित कर चोरी करते थे। चोरी के दौरान एक आरोपी बाहर निगरानी करता था, जबकि दूसरा घर के भीतर वारदात को अंजाम देता था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि चोरी का सोना मेरठ स्थित सलीम ज्वेलर्स को बेचा जाता था। पुलिस ने ज्वेलरी दुकान संचालक सलीम खान को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का सोना और नगदी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बिलासपुर के तिफरा, नवा रायपुर तथा मध्यप्रदेश के जबलपुर में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# गांधी मैदान से चोरी हुई आर्टिका वाहन बरामद, आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस द्वारा वाहन चोरी के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गाँधी मैदान से चोरी हुई आर्टिका वाहन को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। प्रकरण में आरोपी के कब्जे से चोरी गई वाहन को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। प्रकरण के संबंध में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 15.03.2026 को वह अपने परिवार के साथ निजी कार्य से कवर्धा आया था तथा अपनी आर्टिका वाहन क्रमांक सीजी 10 ए डब्ल्यू 8269 को गाँधी मैदान कवर्धा में खड़ी कर बाजार गया था। वापस लौटने पर वाहन मौके से गायब मिला, जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 194/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी एवं चोरी गई वाहन की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना दौरान घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों से पूछताछ एवं तकनीकी आधार पर संदेही तसलीम खान पिता आजम खान उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मोहगांव थाना पाण्डातराई जिला कबीरधाम को चिन्हित किया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना कारित करना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने गाँधी मैदान में खड़ी वाहन में चाबी लगी देख अवसर का लाभ उठाकर वाहन चोरी किया था तथा वाहन को जोराताल स्थित राजस्थानी भोजनालय के पास छिपाकर रखा था। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर पुलिस द्वारा चोरी गई आर्टिका वाहन क्रमांक सीजी 10 ए डब्ल्यू 8269 को बरामद कर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा के विशेष प्रयासों से 52-52 लाख रुपए की लागत से हो रहा मिनी स्टेडियम का निर्माण

### मानसून पूर्व निर्माण पूर्ण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 52-52 लाख रुपए की लागत से आधुनिक मिनी स्टेडियमों का निर्माण कराया जा रहा है। इन स्टेडियमों के निर्माण से ग्रामीण अंचलों के युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने के साथ-साथ पुलिस, सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती हेतु फिजिकल तैयारी करने में भी बड़ी सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सभी निर्माण कार्यों को मानसून पूर्व पूर्ण कर संबंधित ग्राम समितियों को हैंडओवर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उनके निर्देशों के पालन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर निर्माणाधीन मिनी स्टेडियमों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र मानिकपुरी, आरईएस विभाग के अधिकारीगण, स्टेडियम समिति के सदस्य, ठेकेदार एवं संबंधित ग्रामों के सरपंच उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में गांवों में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को नशे और भटकाव से दूर रखते हुए खेल एवं अनुशासन की ओर प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अधोसंरचना विकसित होने से युवाओं को अब अपने ही गांव में खेल अभ्यास एवं प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं की शारीरिक तैयारी करने का अवसर मिलेगा। इससे युवाओं की प्रतिभा को नया मंच मिलेगा तथा खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर स्टेडियमों के रख-रखाव एवं संचालन के लिए स्थानीय युवाओं की समिति भी गठित की गई है। यह समिति स्टेडियम की देखरेख, स्वच्छता एवं खेल गतिविधियों के संचालन में सहयोग करेगी। इससे युवाओं में जिम्मेदारी एवं सहभागिता की भावना भी विकसित होगी।

**इन ग्रामों के मिनी स्टेडियमों का किया निरीक्षण**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू एवं नरेन्द्र मानिकपुरी ने ग्राम दौजरी, बैजलपुर, घुघरी कला, खारा, उसरवाही, तितरी, झलमला एवं चिल्फी में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियमों का निरीक्षण किया।

# जल स्रोत विहीन ग्राम में पीएचई ने बनाई पानी टंकी, ग्रामीणों को नहीं मिला लाभ

### जल स्तर घटने से प्रतिवर्ष संकट से गुजरते हैं ग्रामीण

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** तहसील क्षेत्र मे भीषण गर्मी की भू-जल स्तर तेजी से घटने लगा है अधिकांश गांव मे पेयजल सहित निस्तारी संकट गहरा गया है,नलकूप सूखने से जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी का लाभ भी ग्रामीणो को नही मिल रहा है समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी मे जल स्तर लगभग 300 फीट से भी अधिक चला गया है ऐसे ड्राई स्थल पर पीएचई विभाग ने टंकी निर्माण कर दिया है जहा पानी स्रोत ही नही है ऐसे मे भीषण गर्मी के समय पानी को लेकर हाहाकार मचने वाला है।

बेमेतरा जिले के अंतिम छोर तथा तहसील क्षेत्र समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी के ग्रामीण प्रतिवर्ष जल संकट से प्रभावित रहते है इस वर्ष भी तेज गर्मी के चलते जल संकट गहराने लगा है। उमरावनगर, गातापार, कुरदा, गोपालपुर, टिपनी, बनरांका सहित अनेक गांव मे जल स्तर 250 फीट से 300 फीट तक नीचे चला गया है जिससे ग्रीष्मकालीन फसल व उद्यानिकी फसल को बचाना किसानो के समक्ष बडी चुनौती भी बन गयी है। उपरोक्त परिस्थिति के बावजूद पीएचई विभाग द्वारा आज तक कोई ठोस कदम नही उठाया गया है जिसका खामियाजा आज ग्रामीण भुगत रहे है।थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे तेजी से घटते जल स्तर से भीषण गर्मी के दिनो मे जल संकट से निपटने शासन प्रशासन को अब ठोस कदम उठाने की जरूरत है। गौरतलब है की तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी बेमेतरा जिले का जलाभाव क्षेत्र घोषित है फिर बी शासन प्रशासन ने आज तक इस ग्राम के लिए कोई ठोस उपाय नही कर पायी है।मई माह की कडी धूप व भीषण गर्मी से भू-जल स्तर तेसी गिरने लगा है भीषण जल संकट उत्पन्न होने से ग्रामीण परेशान है जलाभाव वाले ग्राम कोबेडबरी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने पानी टंकी निर्माण सहित गलीयो मे नाईपलाईन व विस्तारीकरण तो कर दिया परंतु जहां टंकी बनी है वहां तो जल स्रोत होने के चलते आज तक बूंद भर पानी ग्रामीणो को नसीब नही हुआ है।पूर्व वर्ष मे समीप के गांव से ग्रामीणो के सहयोग से टेंकर के माध्यम से जलापूर्ति की गयी दी मगर शासन प्रशासन स्तर पर कोई सहयोग नही मिला था।शासन प्रशासन को चाहिए कि ग्राम पंचायत कोपेडबरी के आश्रित ग्राम गातापार व कुरदा तथा उमरावनगर ग्राम पंचायत के लगभग 4000 आबादी के समक्ष गहराती जल संकट को दूर करने जरूरी उपाय ढूंढने की जरूरत है।



**ग्राम पंचायत कोपेडबरी में पानी टैंकर की आवश्यकता**

जलाभाव वाले ग्राम पंचायत कोपेडबरी सरपंच हरदत्त साहू ने मांग करते हुए कहा है कि पंचायत मे जलाभाव के चलते प्रतिवर्ष ग्रामीणो पेयजल व निस्तारी संकट से गुजरना पडता है उक्त स्थिति से निपटने पंचायत मे टैंकर उपलब्ध कराने की जरूरत है ताकि अन्य स्थान से लाकर गांव मे जलापूर्ति किया जा सके पंचायत मे पानी टेंकर रहने से पंचायत मे के शादी समारोह व समाजिक आयोजनो के लिए भी जलापूर्ति की सुविधा मिल जायगी।सरपंच ने कहा कि गर्मी के दिनो मे आगजनी की घटनाएं भी बढ जाती है उक्त स्थिति से निपटने संसाधनो की कमी की मार से पंचायत को विवशता झेलनी पड़ती है।

**जल संकट दूर करने शासन प्रशासन ठोस उपाय ढूंढे :जलेश्वर सिंह**

तहसील क्षेत्र मे जलाभाव से सबसे प्रभावित ग्राम कोपेडबरी के पूर्व सरपंच जलेश्वर सिह राजपूत ने कहा कि आज ग्राम कोपेडबरी मे भीषण जल संकट के दौर से ग्रामीण गुजर रहे है पेयजल तक नसीब नही हो रहा है मुश्किल से ग्राम मे निजि माध्यमो से थोडा बहूत पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है जबकि शासन प्रशासन की ओर से कोई सुविधा नही मिल रही है। उन्होंने प्रशासन से आव्हान किया है कि जल संकट दूर करने को कोई ठोस उपाय ढूंढकर ग्रामीणो को राहत प्रदान किया जावे। जलाभाव मे पडोस के ग्राम से पाईपलाईन विस्तारीकरण कर कोपेडबरी मे जलापूर्ति की तत्काल आवश्यकता है।

> ग्राम कोपेडबरी स्रोत विहिन गांव है इसलिए समूह जल प्रदाय योजना से पानी टंकी को जोडा जायगा जिसका कार्य प्रगति पर है।
>
> -संदीप प्रधान
> एसडीओ पीएचई विभाग साजा

# जल जीवन मिशन से बदली ग्राम सोनझरी की तस्वीर हर घर जल ग्राम के रूप में मिली नई पहचान

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनझरी में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों की जिंदगी बदल दी है। वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे इस गांव में अब हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। घर-घर नल कनेक्शन मिलने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है और गांव को हर घर जल ग्राम के रूप में नई पहचान मिली है।



पहले ग्राम सोनझरी में खासकर गर्मी के दिनों में, गांव के लोगों को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों को पानी लाने के लिए तपती धूप में दूर-दूर तक जाना पड़ता था और घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता था। पानी के इस इंतजाम में उनका काफी समय और मेहनत बर्बाद हो जाती थी, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी और बच्चों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ता था। इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत गांव में तेजी से काम किया गया। इसके अंतर्गत सोनझरी गांव में पाइपलाइन का विस्तार किया गया, जल स्रोतों को सुधारा गया और एक ऊंची पानी की टंकी का निर्माण किया गया। इसके बाद गांव के सभी घरों में घरेलू नल कनेक्शन देकर नियमित रूप से पानी की सप्लाई शुरू की गई। गांव की एक बुजुर्ग निवासी पंचकुंवर बाई ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले इस उम्र में दूर से पानी लाना उनके लिए सबसे मुश्किल काम था, और सुबह होते ही पानी की चिंता सताने लगती थी। लेकिन अब घर के पास ही साफपानी मिलने से उनका जीवन बेहद आसान हो गया है। उन्होंने इसके लिए शासन और प्रशासन का आभार जताया है। सोनझरी गांव में आई इस बड़ी तब्दीली के बाद अब चैतरफा सकारात्मक बदलाव दिख रहे हैं। महिलाओं का कीमती समय बच रहा है, बच्चों की पढ़ाई अब बाधित नहीं होती और साफ पानी मिलने से जलजनित बीमारियों में भी भारी कमी आई है। इस सफलता को आधिकारिक रूप देने के लिए बीते 13 मई 2026 को सोनझरी में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस बैठक में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ष्हर घर जलष् प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को पूरा किया गया और सोनझरी को आधिकारिक रूप से ÷हर घर जल ग्राम÷ घोषित कर दिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन केवल पानी पहुंचाने की योजना नहीं है, बल्कि इसने ग्रामीण जीवन में सुविधा, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मान का नया सवेरा लाया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मनोहरमल ज्वेलर्स से 2 करोड़ का सोना गायब 16 साल पुराना कर्मचारी जेवर लेकर भागा सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, केस दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सदर बाजार स्थित एक सराफा कारोबारी के यहां करीब 2 करोड़ रुपए से ज्यादा के सोने के जेवर गबन का मामला सामने आया है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफकेस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित कारोबारी सुरेश भंसाली है, जो सदर बाजार में मनोहरमल एंड कंपनी नाम से सोने-चांदी का कारोबार करते हैं। कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि, कारोबारी की शिकायत पर उसके कर्मचारी के खिलाफकेस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि, सूरज साहू नाम का कर्मचारी पिछले 16 साल से उनकी दुकान में काम कर रहा था। आरोपी पर रोजाना डिस्प्ले में रखे गए जेवरों को वापस लॉकर में सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि 9 अप्रैल 2026 को दुकान बंद होने के दौरान सूरज साहू ने जेवरों को लॉकर में रखने के बजाय अपने पास रख लिया। शुरुआत में किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई। 13 अप्रैल को स्टॉक मिलान के दौरान सोने के जेवर कम पाए गए। जांच करने पर कुल 1495 ग्राम 670 मिलीग्राम सोना गायब मिला। कारोबारी ने दुकान के सभी कर्मचारियों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में शाम करीब 4 बजकर 21 मिनट पर सूरज साहू सोने के जेवर अपने साथ ले जाते दिखाई दिया। गायब हुए सोने में अलग-अलग डिजाइन और किस्म के जेवर शामिल बताए जा रहे हैं। बाजार मूल्य के हिसाब से चोरी गए सोने की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### कोच के कहने पर वेटलिफ्टर ने कैंडिडेट से मांगी रिश्वत, दोनों 1 जून तक जेल में रहेंगे

**रायपुर।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफइन्वेस्टिगेशन ने रेलवे के 2 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। दोनों स्पोर्ट्स कोटे से रेलवे में नौकरी कर रहे हैं। इनमें इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग रेफरी बी. राजशेखर राव और उनकी स्टूडेंट रामा लक्ष्मी (वेटलिफ्टर) शामिल हैं। राव असिस्टेंट स्पोर्ट्स सेक्रेट्री के तौर पर रेलवे में काम कर रहे हैं। सीबीआई के मुताबिक, आरोपियों ने एक कैंडिडेट से 5 लाख रिश्वत मांगी थी। मेडिकल परीक्षण के अनफिट सर्टिफिकेट को फीट कर देंगे कहा था, पैसे नहीं देने पर फेल करने की धमकी देकर कुछ रकम ले लिए थे। पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद मंगलवार को दोनों को रायपुर स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को एक जून तक कस्टोडियल डिमांड पर भेज दिया गया है। जांच में यह बात सामने आई है कि कोच के कहने पर वेटलिफ्टर ने कैंडिडेट्स से पैसे मांगे थे। वहीं सीबीआई के वकील ने बताया कि इस मामले में मास्टरमाइंड का गिरफ्तार होना बाकी है। सीबीआई के वकील प्रशांत बाजपेयी ने बताया कि, पीड़िता से दोनों आरोपियों ने 5 लाख रुपए की मांग की थी। आरोपियों ने वंशिका पर दबाव बनाया कि यदि उसने पैसे नहीं दिए तो उसे मेडिकल परीक्षण में फेल कर दिया जाएगा। पैसे देने पर उसे टीटीआई पोस्ट के लिए एलिजिबल सर्टिफिकेट जारी करने का आश्वासन दिया गया था। मामले के जांच अधिकारी के अनुसार, पूरे केस का मास्टरमाइंड कौन है, इसकी जांच अभी जारी है।

### रायपुर-ताड़ोकी मेमु यात्रियों के लिए बड़ी राहत, अब 8 की जगह 12 कोच, छोटे प्लेटफॉर्म वाले स्टेशनों पर ठहराव भी बढ़ा

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ और मांग को देखते हुए रायपुर-ताड़ोकी-रायपुर मेमु पैसेंजर ट्रेन (68764/68765) में बड़ा बदलाव किया है। अब इस ट्रेन में 8 कोच की जगह 12 कोच लगाए गए हैं। इसके साथ ही कम लंबाई वाले प्लेटफॉर्म वाले स्टेशनों पर ट्रेन के ठहराव समय में भी बढ़ोतरी की गई है। नई व्यवस्था 18 मई 2026 से लागू कर दी गई है। रेल प्रशासन के मुताबिक, अतिरिक्त 4 कोच जुड़ने से यात्रियों को बैठने और सफर करने में ज्यादा सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस रूट पर यात्रियों की ओर से कोच बढ़ाने की मांग की जा रही थी। खासकर ऑफिस, बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। रेलवे ने रिसामा, गुंडरदेही, लाटाबोर और कुसुमकसा जैसे कम लंबाई वाले प्लेटफॉर्म वाले स्टेशनों पर ठहराव समय भी बढ़ा दिया है। पहले ट्रेन यहां सिर्फ 1 मिनट रुकती थी, लेकिन अब 3 मिनट तक रुकेगी। यानी यात्रियों को चढ़ने-उतरने के लिए पहले से ज्यादा समय मिलेगा। रेल प्रशासन ने इस रूट के यातायात निरीक्षक और वाणिज्य निरीक्षकों को यात्रियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के बाद भविष्य में और फैसले लिए जा सकते हैं।

# पानी सप्लाई सिस्टम की जांच पर निकले निगम आयुक्त रायपुर के पुराने प्लांट में भी स्काडा सिस्टम लगाने के निर्देश

### जल्द तैयार होगा प्रस्ताव

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में गर्मी और बारिश से पहले पेयजल व्यवस्था को लेकर नगर निगम अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा मंगलवार को शहर के जल आपूर्ति सिस्टम का निरीक्षण करने फील्ड पर पहुंचे। आयुक्त ने सागर, सरिता, नीर, क्षीर और खारून इंटेकवेल की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही रावणभाठा फिल्टर प्लांट पहुंचकर वहां चल रही प्रक्रियाओं और व्यवस्था की समीक्षा की।

**पुराने फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम लगाने का प्रस्ताव**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नए 80 एमएलडी फिल्टर प्लांट में लगे स्काडा सिस्टम को भी देखा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पुराने फिल्टर प्लांट में भी जल्द स्काडा सिस्टम लगाने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। आयुक्त ने कहा कि नए प्लांट में स्काडा सिस्टम की लगातार मॉनिटरिंग की जाए, ताकि जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावी तरीके से संचालित हो सके।



**बारिश से पहले क्लोरीनेशन और पानी सप्लाई पर फोकस**

रावणभाठा फिल्टर प्लांट में आयुक्त ने बारिश से पहले क्लोरीनेशन की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही गर्मी के मौसम में शहर के सभी जलागारों में रोजाना जलभराव और पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शहरवासियों को लगातार शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त जल लोकेश्वर साहू, कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंद्र, सहायक अभियंता योगेंद्र देवांगन, उप अभियंता रमेश पटेल समेत जल विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का किया आत्मीय स्वागत

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को बस्तर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें राजकीय गमछा भेंट कर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप उन्हें सम्मान दिया।



उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक का आयोजन आज बस्तर में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न राज्यों के बीच समन्वय, विकास और प्रशासनिक विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के बीच विभिन्न समसामयिक मुद्दों, राज्यों के बीच आपसी समन्वय तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सुशासन, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने घेरा सीएसईबी ऑफिस

### प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों और कांग्रेस नेताओं के बीच हुई तीखी नोक-झोंक

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** रायपुर के गुढ़ियारी और रामनगर इलाके में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने सीएसईबी कार्यालय का घेराव किया। बिजली संकट से परेशान स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफनारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस महामंत्री सुबोध हरितवाल ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सीएसईबी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

**चीफ इंजीनियर ऑफिस पहुंचकर सौंपा ज्ञापन :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ष्टस्श्वक्कके चीफइंजीनियर कार्यालय का घेराव कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती पर तुरंत रोक लगाई जाए। इसके साथ ही शिकायतों के समाधान के लिए प्रभावी टोल फ्री नंबर शुरू करने और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग भी की गई। इस प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों और कांग्रेस नेताओं के बीच तीखी नोक-झोंक भी हुई।

**गर्मी में लोगों का हाल बेहाल :** कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पानी की दिक्कत से लेकर रोजमर्रा के कामकाज तक प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# 1500 परिवारों को सता रहा घर टूटने का डर रायपुर के कैनाल रोड चौड़ीकरण के लिए सर्वे शुरू

### स्थानीय लोगों ने जताया विरोध

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में प्रस्तावित कैनाल रोड 2.0 परियोजना को लेकर 4 वार्डों के लोगों में डर और असमंजस का माहौल है। वार्ड क्रमांक 58, 59, 60 और 61 के करीब 1300 से 1500 परिवारों ने बेघर होने की आशंका जताई है। बड़ी संख्या में लोग नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर अपनी चिंता जाहिर की।

लोगों का कहना है कि, पिछले कुछ दिनों से नगर निगम के कर्मचारी घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रहे हैं। मकानों की चौड़ाई, लंबाई और गहराई की नापी की जा रही है। कई जगह कर्मचारियों ने घरों के भीतर जाकर माप लिया और लोगों से मकान के दस्तावेज लेकर दफ्तर आने को कहा गया। स्थानीय लोगों का दावा है कि, कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि यह कार्रवाई कैनाल रोड 2.0 योजना के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए की जा रही है। इसके बाद से इलाके में डर का माहौल है। रहवासियों ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि उनके



घर बचेंगे या टूटेंगे। कई परिवार दशकों से यहां रह रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनका बचपन इसी इलाके में बीता और अब अचानक सर्वे के बाद बेघर होने का डर सताने लगा है।

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि वे महापौर से भी मिल चुके हैं, लेकिन उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिला। डर और अनिश्चितता की वजह से कई लोग काम पर भी नहीं जा पा रहे हैं। लोगों ने कहा कि कभी घर के सामने का हिस्सा नापा जा रहा है तो कभी घर के अंदर घुसकर मापी की जा रही है। इससे पूरे इलाके में दहशत जैसी स्थिति बन गई है।

# ऑनलाइन दवा बेचने का विरोध, आज छत्तीसगढ़ समेत देशभर में बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** ऑनलाइन फार्मेसी और दवा बिक्री से जुड़े नियमों के विरोध में छत्तीसगढ़ के दवा व्यापारियों ने 20 मई 2026 को अपने मेडिकल स्टोर बंद रखने का फैसला किया है। यह बंद राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देशव्यापी आह्वान के तहत किया जा रहा है। प्रदेशभर के दवा व्यापारी इस एक दिवसीय बंद में शामिल होंगे। दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री के बढ़ते चलन और नियमों की कमजोर निगरानी से मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उनका आरोप है कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना उचित सत्यापन के दवाइयां बेच रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**एआई से फर्जी पर्चियां बनाए जाने का आरोप :** दवा व्यापारियों ने दावा किया कि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर फर्जी मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए जा रहे हैं। इन पर्चियों के जरिए बिना डॉक्टर की वास्तविक सलाह के दवाइयां खरीदी जा रही हैं। व्यापारियों के मुताबिक कई मामलों में यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि दवा किस डॉक्टर ने लिखी है और उसका वास्तविक प्रिस्क्राइबर कौन है।

**ऑनलाइन परामर्श और दवा बिक्री पर उठे सवाल :** दवा व्यापारियों ने फर्जी और गैर-प्रमाणित ऑनलाइन मेडिकल परामर्श सेवाओं पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ऐसे प्लेटफॉर्म मरीजों को गुमराह कर रहे हैं और गलत दवाइयों के इस्तेमाल का खतरा बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही एंटीबायोटिक्स, साइकोट्रॉपिक दवाइयां, ओपिऑइड्स और शेड्यूल H, Hv तथा X श्रेणी की दवाइयां बिना उचित जांच-परख के बेची जा रही हैं।

**युवाओं में बढ़ सकता है नशे का खतरा :** व्यापारियों ने चिंता जताई कि नशे की लत पैदा करने वाली दवाइयों की ऑनलाइन आसान उपलब्धता युवाओं में दुरुपयोग और लत का बड़ा कारण बन सकती है। उनका कहना है कि एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग कर कई बार दवाइयां खरीदी जा रही हैं।

# एक वर्ष के अल्प अवधि में ही पेंशनर्स एसोसिएशन में 1500 से अधिक आजीवन सदस्य बन गए

### छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन जांजगीर में स्थानीय विधायक श्री व्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विधायक श्री कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजना के अंतर्गत जांजगीर में एक सियान-सदन (पेंशनर भवन) निर्माण कराने का प्रयास करेंगे और पेंशनरों की समस्याओं एवं मांगों के लिए विधानसभा से लेकर सड़क तक के संघर्षों में साथ देने की बात कही। वार्षिक आम सभा की अध्यक्षता कर




रहे प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि एक वर्ष के अल्प अवधि में ही पेंशनर्स एसोसिएशन में 1500 से अधिक आजीवन सदस्य बन गए हैं।

सामूहिक प्रयास से यह संख्या अगले वर्ष तक दोगुनी करने का आज संकल्प लेकर यहां से जाएंगे। पेंशनर्स एसोसिएशन अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए शासन का ध्यान आकृष्ट कराने समय-समय पर प्रदर्शन -ज्ञापन आंदोलन की कार्यवाही करेगी। कोषाध्यक्ष द्वारा वर्ष 25- 26 के आय -व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से स्वीकृति प्रदान की। पेंशनर एसोसिएशन में पदाधिकारीयों की संख्या में वृद्धि करने नियमावली संशोधन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। पेंशनरों की मांगों पर भी प्रस्ताव पारित कर शासन को ज्ञापन प्रेषित करने एवं जिला मुख्यालय में प्रदर्शन आंदोलन का निर्णय लिया गया। पेंशनर्स की प्रमुख मांग है- लंबित 2% महंगाई राहत भत्ता को केंद्र सरकार के पेंशनरों को देय तिथि से दिया जाए, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 49 ( 6) का शासन अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या करते हुए मध्य प्रदेश शासन से सहमति लेकर महंगाई राहत देने की नियम विरुद्ध परंपरा को समाप्त किया जाए, राज्य के पेंशनरों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की योजना लागू किया जाए, 80 वर्ष की आयु के स्थान पर 70 वर्ष की आयु पर पेंशन में 20% की वृद्धि की जाए, राज्य के पेंशनरों को शासन के तीर्थ यात्रा योजना में शामिल किया जाए, ना मांग, ना जांच प्रमाण पत्र सेवानिवृत्ति के पूर्व जारी किया जाए जिससे पेंशन प्रकरण का समय सीमा में निराकरण हो सके, सेवानिवृत्ति के दिनांक पर पेंशनर्स के सभी स्वत्वों का भुगतान किया जाए।

# रायपुर में बदमाशों की पुलिस ने लगाई क्लास 41 निगरानीशुदा आरोपियों पर कार्रवाई

### अफसरों ने गुंडागर्दी छोड़ने की दी चेतावनी

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। डीसीपी पश्चिम ज़ोन के निर्देश पर पश्चिम ज़ोन के सभी थाना इलाके में निगरानी बदमाशों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।



इस दौरान 9 थाना क्षेत्रों के कुल 41 बदमाशों को थानों में बुलाकर उनकी काउंसलिंग की गई और भविष्य में अपराध से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई।

**दोबारा क्राइम करते मिले, तो कड़ी कार्रवाई होगी :** पुलिस अधिकारियों ने बदमाशों को साफतौर पर चेतावनी दी है कि, इलाके में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, मारपीट, अवैध वसूली, नशाखोरी या बाकी आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति दोबारा अपराध में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पश्चिम जोन पुलिस ने बताया कि, यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों में सुरक्षा का माहौल मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस का कहना है कि निगरानी बदमाशों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि वे दोबारा अपराध की दुनिया में सक्रिय न हो सकें। थानों में बुलाए गए बदमाशों को समझाइश देने के बाद उनके खिलाफप्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। सभी आरोपियों को विशेष सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय भेजा गया, जहां उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पश्चिम ज़ोन के 9 थाना क्षेत्रों से जुड़े इन 41 बदमाशों पर अलग-अलग मामलों में पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। अब पुलिस ने उन्हें अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि उन्होंने दोबारा कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की तो सीधे जेल भेजा जाएगा।

### आम आदमी पार्टी ने नगर पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी की

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने प्रदेश में होने वाले आगामी नगर पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के लिए अपने प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह इन चुनावों को पूरी गंभीरता, संगठनात्मक मजबूती और जनता के मुद्दों के साथ लड़ेगी। दिल्ली के विधायक एवं आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी माननीय मुकेश अहलावत जी के निर्देशानुसार प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विस्तृत मंथन, स्थानीय समीकरणों, जनस्वीकृति एवं संगठनात्मक फीडबैक के आधार पर प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दिया गया है। पार्टी द्वारा बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 29 से साहिल खान तथा जगदलपुर नगर निगम वार्ड क्रमांक 16 से रुबीना कुरैशी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत घुमका से अध्यक्ष पद हेतु अलीशा जोशी को प्रत्याशी बनाया गया है। वार्ड प्रत्याशियों में आशुतोष नारायण सिंह, रेवती बघेल, हुमन लाल जोशी, रविन्द्र ठाकुर, विक्रम वर्मा, गोपेश्वर वर्मा, हिंसा राम वर्मा, पदमा वर्मा, दिनेश्वरी साहू, जयप्रकाश यदु, रोशन कुमार, केलेश्वरी वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, कमली बाई वर्मा एवं सालिक राम को पार्टी ने मैदान में उतारा है।

# नागरिक सहकारी बैंकों में बढ़ेंगी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं

### सहकारिता आयुक्त ने मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं शुरू करने के दिए निर्देश

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राज्य के शहरी सहकारी बैंकों में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने के लिए आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ श्री महादेव कावरे ने समीक्षा बैठक ली। इस समीक्षा बैठक में राज्य के 12 शहरी नागरिक सहकारी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



बैठक में सहकारिता आयुक्त ने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि वे भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई नवाचारात्मक पहलों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर और आसान बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और एईपीएस (आधार आधारित भुगतान प्रणाली) जैसी सुविधाएं शुरू की जाएं। सहकारिता आयुक्त ने बैंकों को यह भी निर्देशित किया कि वे तकनीकी सहायता और आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए गठित अम्ब्रेला ऑर्गेनाइजेशन से जुड़ें। इससे बैंकों को नई तकनीक अपनाने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलेगी। बैठक में अम्ब्रेला ऑर्गेनाइजेशन, नई दिल्ली के अधिकारी श्री सुमीत हंस ने बैंकों को संगठन से जुड़ने के लाभ और उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे सहकारी बैंक डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को तेजी से लागू कर सकेंगे। इस अवसर पर व्यावसायिक सहकारी बैंक रायपुर, नागरिक सहकारी बैंक रायपुर, लक्ष्मी नागरिक सहकारी बैंक रायपुर, रायपुर अर्बन मर्केंटाइल को-ऑप बैंक, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़, महासमुंद, अंबिकापुर और जगदलपुर के सहकारी बैंक शामिल हुए।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के मायने

भारत और नॉर्डिक देशों के बीच बढ़ता सहयोग आज वैश्विक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण आयाम बन चुका है। ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन ने इस साझेदारी को नई ऊर्जा प्रदान की है। नॉर्डिक समूह में डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, फिनलैंड और आइसलैंड शामिल हैं–ये देश नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी, मानव विकास सूचकांक और सुशासन के लिए विश्वभर में जाने जाते हैं। ऐसे में भारत के साथ उनका सहयोग केवल द्विपक्षीय संबंध नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान की साझा कोशिश है। भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जबकि नॉर्डिक देश तकनीकी नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी हैं। इस सम्मेलन का सबसे बड़ा महत्व यही है कि यह विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में ठोस पहल को प्रोत्साहित करता है। जलवायु परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन में कमी और हरित ऊर्जा के विस्तार जैसे मुद्दों पर भारत और नॉर्डिक देशों के बीच सहयोग भविष्य की वैश्विक रणनीति को प्रभावित कर सकता है।

ऊर्जा क्षेत्र में विशेष संभावनाएँ हैं। नॉर्डिक देशों ने पवन ऊर्जा, जलविद्युत और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत अपने ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। यदि तकनीक हस्तांतरण, निवेश और संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा मिलता है, तो यह भारत के ऊर्जा संक्रमण को गति दे सकता है। साथ ही, 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों को भी नई दिशा मिल सकती है।

आर्थिक दृष्टि से भी यह शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण है। नॉर्डिक देशों की कंपनियाँ पारदर्शिता, नवाचार और गुणवत्ता के लिए जानी जाती हैं। भारत के विशाल बाजार और कुशल मानव संसाधन के साथ उनका संयोजन दोनों पक्षों के लिए लाभकारी हो सकता है। विशेष रूप से डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वास्थ्य सेवाओं और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएँ हैं। भूराजनैतिक परिप्रेक्ष्य में भी इस सम्मेलन के मायने गहरे हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था उभर रही है। ऐसे समय में समान विचारधारा वाले लोकतांत्रिक देशों के साथ साझेदारी भारत की कूटनीतिक स्थिति को मजबूत करती है। नॉर्डिक देश यूरोपीय संघ और उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में प्रभावशाली भूमिका निभाते हैं। उनके साथ घनिष्ठ संबंध भारत को यूरोप में रणनीतिक पहुंच प्रदान करते हैं। हालांकि, इन संभावनाओं को वास्तविक परिणामों में बदलने के लिए सतत संवाद, नीतिगत समन्वय और परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना होगा। केवल घोषणाओं और समझौतों तक सीमित रहने से अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। आवश्यक है कि निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को भी इस साझेदारी का सक्रिय भागीदार बनाया जाए।

अंततः, भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि 21वीं सदी के विकास मॉडल की साझा परिकल्पना है–जहाँ आर्थिक प्रगति, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समावेशन एक साथ आगे बढ़ें। यदि इस सहयोग को ठोस कार्ययोजना में रूपांतरित किया गया, तो यह न केवल भारत और नॉर्डिक देशों के लिए, बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी एक प्रेरक उदाहरण बन सकता है।

# भारत और इटली : इंडो-भूमध्यसागरीय क्षेत्र के लिए एक रणनीतिक साझेदारी

- नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधानमंत्री
- जॉर्जिया मेलोनी, इटली की प्रधानमंत्री








भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक-जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है–को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं।

यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। 'मेड इन इटली' हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल 'मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी- जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है - एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी।

तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता-इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो। भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्च र और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न-यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित 'एल्गोर-एथिक्स' की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तीकरण का माध्यम बने। हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है।

एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है। हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। इसलिए इटली और भारत रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा सहयोग महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के खिलाफ मजबूती बढ़ाने में मदद करेगा। ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्वपूर्ण आधार है। दुनिया में ऊर्जा के विविध स्रोतों की ओर बढ़ रहे बदलाव के लिए नवाचार, निवेश और सहयोग की आवश्यकता है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक, तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं।

ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की भारत की पहल अपार संभावनाएं रखती है। यह इटली की नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में उन्नत तकनीक और यूरोप के लिए ऊर्जा प्रवेश द्वार के रूप में उसकी रणनीतिक भूमिका के साथ पूरी तरह मेल खाती है।इस संदर्भ में भारत की अगुवाई वाली प्रमुख पहलों- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस (जीबीए) में अन्य देशों के साथ हमारा सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है। भौतिक, डिजिटल और मानवीय संपर्क ही वह कड़ी है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। भारत और इटली दोनों वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों-इंडो-पैसिफिक और भूमध्यसागर के केंद्र में स्थित हैं। अब इन क्षेत्रों को अलग-अलग नहीं, बल्कि आपस में जुड़े हुए क्षेत्रों के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, हम एक नए 'इंडो-मैडिटेरेनियन' क्षेत्र के उभरने को देख रहे हैं, जो व्यापार, तकनीक, ऊर्जा, डेटा और विचारों का एक महत्वपूर्ण गलियारा बन रहा है और हिंद महासागर को यूरोप से जोड़ता है। इसी आपस में जुड़े हुए क्षेत्र में हमारा संबंध स्वाभाविक रूप से एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित होता है- ऐसी साझेदारी, जो दो महाद्वीपों को जोड़ती है और नई वैश्विक परिस्थितियों को आकार देती है। इस संदर्भ में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) एक ऐसी दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य आधुनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे, डिजिटल नेटवर्क, ऊर्जा प्रणालियों और मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से हमारे क्षेत्रों को जोड़ना है।

भारत और इटली अन्य साझेदार देशों के साथ मिलकर इस दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।हम अपने साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम्'-अर्थात 'पूरी दुनिया एक परिवार है' का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है। ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## आंचलिक

# 'उजर 100' योजना : मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगा व्यापक आर्थिक सहयोग एवं प्रोत्साहन

समवेत शिखर संवाददाता




**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा जिले के आर्थिक रूप से कमजोर, प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'उजर 100' योजना के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक दोपहर 3 बजे आयोजित हुई, जिसमें योजना के क्रियान्वयन, चयन प्रक्रिया, पात्रता, आर्थिक सहायता एवं कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि उजर 100 योजना के माध्यम से जिले के ऐसे विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी जिन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखते हों। योजना के तहत स्नातक, डिप्लोमा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा चयनित स्नातकोत्तर डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र एवं कार्यकारी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सहायता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत कुल 100 सीटों का निर्धारण किया गया है, जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 76, अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 6, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14 तथा अनारक्षित वर्ग के लिए 4 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसके अतिरिक्त दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए भी 6 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि योजना का लाभ केवल दंतेवाड़ा जिले के मूल निवासी विद्यार्थियों को मिलेगा। अभ्यर्थी का 12वीं परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा तथा परिवार की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। हालांकि छत्तीसगढ़ बोर्ड में जिले के शीर्ष 10 विद्यार्थी तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, संयुक्त प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों पर आय सीमा लागू नहीं होगी। योजना में प्राथमिकता उन विद्यार्थियों को दी जाएगी जिन्होंने छत्तीसगढ़ बोर्ड के शीर्ष 100 अथवा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शीर्ष 20 में स्थान प्राप्त किया हो। इसके अलावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थी, नक्सल प्रभावित परिवारों के बच्चे, खनन प्रभावित ग्रामों के विद्यार्थी तथा गरीबी रेखा कार्डधारी प्रतिभावान छात्र भी पात्र होंगे। बैठक में चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और चरणबद्ध बनाने पर विशेष जोर दिया गया। आवेदन ऑफलाइन माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा में जमा किए जाएंगे। दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच, योग्यता सूची निर्माण, भौतिक सत्यापन एवं जिला स्तरीय समिति की स्वीकृति के बाद अंतिम चयन किया जाएगा। साथ ही 50 विद्यार्थियों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी ताकि रिक्त सीटों पर पात्र विद्यार्थियों को अवसर मिल सके।योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को महाविद्यालय शुल्क, छात्रावास एवं भोजन शुल्क, अध्ययन सामग्री व्यय सहित अन्य शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाएगी। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों की संपूर्ण शुल्क राशि संस्था को सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

# जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो शिक्षकों के विरूद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

### जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित

समवेत शिखर संवाददाता

**बीजापुर।** शासन द्वारा निर्धारित जनगणना कार्य हेतु श्री विनय कुजूर सहायक शिक्षक को ग्राम परकेली एवं बण्डेमरका में ड्यूटी लगाई गई थी। कार्य नहीं करने की स्थिति में 15 मई 2026 को श्री विनय कुजूर के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया था। उक्त नोटिस का जवाब आज पर्यन्त तक नहीं दिया गया है। इसी तरह जनगणना प्रशिक्षण प्रथम बैच श्री रामसन जब्वा को 15 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक निर्धारित किया गया था। श्री रामसन जब्वा के द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त तिथियों को उनके घर में आवश्यक कार्य होने के कारण वे उपस्थित होने में असमर्थ थे। उनके यह निवेदन को स्वीकार करते हुए प्रथम बैच का प्रशिक्षण निरस्त कर उनके कहने पर विशेष रूप से द्वितीय बैच 19 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया था जिसमें भी उनकी उपस्थिति अपूर्ण पायी गई।

जिसके पश्चात श्री रामसन जब्वा के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया था। उक्त नोटिस का जवाब देने हेतु 21 अप्रैल 2026 को उपस्थित हुआ तो शराब के नशे में धुत पाया गया और बच्ची का बीमारी के इलाज हेतु अन्य स्थान जाने का बहाना रकने लगा। उक्त शिक्षकों का यह आचरण जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य के प्रति उदासीनता एवं शासकीय कर्तव्य की अवहेलना को प्रदर्शित करता है।

## आज का इतिहास

- ✳1995 - रूस द्वारा मानव रहित अंतरिक्ष स्पेक्त्र का सफल प्रक्षेपण।
- ✳1999 - कुर्द विद्रोही नेता सेमडिम साकिक को मृत्युदंड की सज़ा।
- ✳2000 - फिजी में बंदूक़धारियों के नेता जार्ज स्पेट ने देश के अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- ✳2001 - अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान ने हिन्दुओं की अलग पहचान के लिए ड्रेस कोड बनाया।
- ✳2003 - पाकिस्तान ने उग्रवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिद्दीन पर प्रतिबंध लगाया।
- ✳2004 - ताइवान में नवगठित सरकार ने शपथ ग्रहण की। यूरोपीय संघ के बाद अमेरिका ने भी कृषि निर्यात सब्सिडी कम करने की घोषणा की।
- ✳2006 - चीन ने कहा ताइवान विश्व स्वास्थ्य संगठन की सदस्यता का पात्र नहीं।

प्रथम पेज का शेष

## नक्सल मुक्त करने के बाद ...

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में जो भी चीजें चाहिए थीं, उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के साथ समन्वय कर उन्हें प्राप्त किया और जहां नेतृत्व की जरूरत थी, वहां मुख्यमंत्री जी और उपमुख्यमंत्री जी ने नेतृत्व भी प्रदान किया और इसी का परिणाम है कि आज बस्तर नक्सल मुक्त हो चुका है।

**क्षेत्रीय परिषद बैठकों का एक मजबूत और जीवंत तंत्र बना है :** श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषद बैठकों का एक मजबूत और जीवंत तंत्र बना है - हमने इसे निर्णायक, निरंतर और परिणामदायी बनाया है। 2004 से 2014 के 10 वर्षों में क्षेत्रीय परिषद की मात्र 11 बैठकें हुई थीं, जो 2014 से 2026 के बीच बढ़कर 32 हो गई हैं। पहले 10 वर्षों में स्टैंडिंग कमेटी की 14 बैठकें हुई थीं, जो इस अवधि में ढाई गुना बढ़कर 35 हुई हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 में मात्र 569 मुद्दों पर चर्चा हुई थी, जबकि 2014 से 2026 में 1729 मुद्दों पर चर्चा हुई है, और उनमें से लगभग 80त्न मुद्दों का सफल निराकरण भी कर लिया गया है। लंबित मुद्दों में से अधिकांश मॉनिटरिंग से संबंधित हैं, जिनमें किसी भी प्रकार का विवाद शेष नहीं है।

**कुपोषण के खिलाफ भारत सरकार की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें राज्य :** केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन -2 पर हमें अभी से फोकस करना चाहिए और हर घर में नल से जल पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण और समाज कल्याण बहुत संवेदनशील मुद्दे हैं। गृह मंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों और सभी मुख्य सचिवों से आह्वान किया कि कुपोषण के खिलाफ भारत सरकार की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल ड्रॉपआउट दर और स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी और अधिक कार्य हों। वित्तीय समावेशन और बिजली सुधार इस विकसित क्षेत्र को पूर्ण विकसित बनाने में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि शहरी नियोजन, जन स्वास्थ्य, वित्तीय समावेशन और बिजली सुधार के चारों क्षेत्र में भी और अधिक गति से कार्य करें। गृह मंत्री ने अपील की कि हमारा कम से कम 50त्न ध्यान ग्रामीण विकास और व्यक्ति को मजबूत बनाने वाली योजनाओं पर रहना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि हर 5 किलोमीटर के दायरे में बैंक की सुविधा उपलब्ध होना बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि हमारी सभी योजनाएं डायरेक्ट बेनिफीट ट्रांसफर (डीबीटी) आधारित हैं, इसीलिए सभी राज्यों को इस दिशा में ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

**लंबित पुराने मामलों के निपटारे के लिए विशेष अदालतें गठित करनी चाहिए :** केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि पॉस्को और बलात्कार के मामलों में अगर समय से डीएनए जांच हो जाए तो इनमें दोषसिद्धि की दर शत-प्रतिशत हो सकती है। श्री शाह ने कहा कि अदालतों में लंबित पड़े पाँच साल से अधिक पुराने मामलों के तेजी से निपटारे के लिए उच्च न्यायालयों को विशेष अदालतें गठित करनी चाहिए। गंभीर अपराधों में शासन को ऐसी गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे 1930 हेल्पलाइन पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय के प्रारूप के अनुरूप ही राज्यों का प्रारूप लागू करें और राज्यों की हेल्पलाइन के कॉल सेंटर को अपडेट करें। श्री शाह ने कहा कि मिलावटखोरी के मामलों में जो केस रजिस्टर्ड होता है और पेनल्टी लगती है तो उसकी प्रसिद्धि की भी व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे जनता को पता चलेगा कि दोषी दुकानों पर मिलावट वाली चीजें मिलती हैं।

**नवीन न्याय संहिता पर बहुत अच्छा अमल हुआ है :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली की तीनों नवीन न्याय संहिता पर बहुत अच्छा अमल हुआ है। उन्होंने कहा कि अब भी इसमें बहुत सारे मुद्दे ऐसे हैं जिनके क्रियान्वयन पर हमें बल देना होगा गृह मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हमने देश को नक्सलवाद से मुक्त किया है, उसी तरह से 3 साल में हर आपराधिक मुकदमे को सुप्रीम कोर्ट तक अंजाम देने का लक्ष्य हमें 2029 से पहले पूरा करना है।

# विभागीय लक्ष्यों की प्रगति का नियमित अद्यतनीकरण कराना सुनिश्चित करें अधिकारी : कलेक्टर

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि समय-सीमा की एजेण्डा के तहत समस्त विभागीय लक्ष्यों की प्रगति का अद्यतनीकरण कराना अधिकारी सुनिष्चित करें। ताकि प्रत्येक समय-सीमा की बैठक में लक्ष्यों की वास्तविक प्रगति समक्ष आ सके और उसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु सुझाव भी दिया जा सकता है। इस क्रम में उन्होंने ÷सुशासन तिहार÷ के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, उनकी निराकरण स्थिति तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में कहा कि मांग की स्थिति को देखते हुए औचित्य का परीक्षण कर गुणवत्ता पूर्वक निराकरण करें। कलेक्टर ने विभागवार लंबित मांगों एवं समस्याओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्यवाही एवं योजनाओं के शत-प्रतिशत सेचुरेशन पर जोर दिया। साथ ही ÷बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर)÷ कार्यक्रम की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें पात्र हितग्राहियों की पहचान, लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं योजनाओं के पूर्ण सेचुरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही बैठक में माननीय उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण, प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर बिजली योजना,अटल डिजिटल सेवा केन्द्र,एग्रीस्टेक,धान उठाव की स्थिति, मुख्यमंत्री जनदर्षन, सचिवालय, जन षिकायत, ईसमाधान, जनदर्षन सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इस दौरान जिले में इंधन और उर्जा के भंडारण एवं खपत वितरण के संबंध में भी खाद्य विभाग से जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक शासकीय विभाग विषेष रूप से स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अत्यावष्यक कार्यो हेतु उनके वाहन हेतु पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराना सुनिष्चित करें। बैठक के दौरान सभी विभाग के विभागीय प्रमुख उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जॉब कार्ड बना सहारा गांव में ही मिलेगा रोजगार



**दुर्ग।** जनपद पंचायत दुर्ग क्षेत्र की पाउवारा गांव की निवासी श्रीमती ईश्वरी साहू लंबे समय से रोजगार की समस्या से जूझ रही थी। पति के बीमार पड़ने से परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी कठिन हो रहा था। बच्चे के स्कूल का फीस पटाने में परेशानी हो रही थी। ऐसे समय में शासन की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना के तहत उन्हें जॉब कार्ड प्राप्त हुआ, जिसने उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई। पुरई जनसमस्या निवारण शिविर में श्रीमती साहू को जॉब कार्ड मिलने के बाद अब उन्हें गांव में ही रोजगार उपलब्ध होगा। नियमित मजदूरी मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा तथा बच्चों की पढ़ाई और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करना आसान होगा। अब उन्हें रोजगार की तलाश में बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा। हितग्राही ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जॉब कार्ड उनके परिवार के लिए सहारा साबित हुआ है। उन्होंने अन्य ग्रामीणों से भी शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत जिले के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं से वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थियों को आवेदन पत्र 20 जून 2026 तक संबंधित शाला से प्राप्त कर जमा करना होगा। परीक्षा 26 जुलाई 2026 रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं, जो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को किसी मान्यता प्राप्त शाला से कक्षा 5वीं नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे। पालक की आय समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रुपये 2.50 लाख से अधिक न हो, निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिये। इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में ही अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्हें जिला स्तरीय उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थाओ में शासकीय व्यय पर अध्ययन उपलब्ध कराया जायेगा। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के साथ-साथ उनके रहने, खाने एवं सामान्य चिकित्सा का व्यय भी शासन द्वारा वहन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को शासन द्वारा देय छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति की पात्रता नही होगी। योजना अंतर्गत उत्कृष्ट शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अंतिम बोर्ड (12वीं) परीक्षा तक ही निर्धारित लाभ की पात्रता होगी।

# सुशासन तिहार अंतर्गत शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक करें निराकरण : कलेक्टर

### कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विभागों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

शिकायत संबंधी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक शत-प्रतिशत निराकरण किया जाए। आवेदन निराकरण पश्चात् आवेदक को अवगत करायी जाए साथ ही गुगलशीट में भी अपडेट किया जाए। कलेक्टर ने जिले में संचालित जनगणना संबंधी कार्य की जानकारी ली और निर्धारित अवधि तक प्रथम चरण के कार्य को पूर्ण करा लेने की निर्देश दिये। कलेक्टर ने पंडित दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत अलग-अलग हितग्राहियों के एक ही बैंक खाते में राशि अंतरित होने को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत अंतर्गत संबंधित बैंकों के खाते फ्रीज कराकर जांच कराने के कड़े निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री सिंह ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत चयनित ग्रामों क्रमशः नवागांव(स), डगनियां, सेमरिया (बागडुमर) विकासखण्ड धमधा एवं ग्राम अकतई विकासखण्ड पाटन में आईईसी कैम्पेन के अंतर्गत विभागीय गतिविधियों के तहत हितग्राहियों को संतृप्त कर 18 से 25 मई 2026 तक प्रत्येक ग्राम के प्रति दिन के क्रियाकलाप फोटो-विडियों हितग्राहियों के कथन/बयान आदि का मीडिया में प्रसार-प्रचार व पोर्टल अपलोड कर की गई कार्यवाही से अवगत कराने संबंधित जनपद सीईओ को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से सहकारी समितियों के लेखा मिलान की जानकारी ली। संतोषप्रद जवाब नही मिलने पर अधिकारियों को फ्टकार लगायी और एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण कराने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम पंचायतों के माध्यम से राजस्व संबंधी कार्यो की समीक्षा की और अविवादित, नामांतरण, बंटवारा, पंजीयन प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। संबंधित एसडीएम और जनपद सीईओ को नियमित समीक्षा कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने रेलवे लाईन मुआवजा राशि वितरण के संबंध में कहा कि जिन गांवों का प्रकरण तैयार है संबंधित एसडीएम प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि वितरण कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्य एजेंसी विभाग अप्रारंभ कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें तथा पूर्ण कार्यो का यु.सी./सी.सी. सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को बिना अनुमति अवैध उत्खनन और ईंट भट्ठों पर कड़ी कार्यवाही के साथ पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को ग्रामीणों की मंशानुसार खेल मैदान मर्रा को ग्राम पंचायत को हैण्डओवर करने के निर्देश दिये।

# धीवर समाज कुम्हारी के भवन निर्माण का हुआ भूमिपूजन



समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** स्थानीय धीवर समाज में सुख दुख के कार्य तथा सामाजिक बैठक हेतु भवन की मांग काफी दिनों से की जा रही थी जिसका भूमिपूजन पालिका अध्यक्ष श्रीमति मीना वर्मा द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना कर किया गया।

पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने धीवर समाज को बधाई देते हुए कहा कि बहुत दिनों से धीवर समाज के लिए सामाजिक भवन निर्माण हेतु विचार चल रहा था जिसे स्वीकृति प्रदान कर आज विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया हैं जल्द ही भवन निर्माण पूर्ण होगा जिससे सामाजिक कार्य करने में समाज को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी इस मौके परेशान लोक निर्माण प्रभारी डिकेश पटेल, पीआईसी सदस्य अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, वार्ड पार्षद विकास सोनकर, पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, समाज के सियान सुखीत धीवर, शिव धीवर, कमलेश धीवर, युवा अध्यक्ष थानेश्वर धीवर (बिल्ला), राकेश धीवर सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे भवन का भूमिपूजन वार्ड क्र.05 गौरव पथ के समीप किया गया।

# कुम्हारी नगर में अनिवार्य रूप से लागू होगा 4-श्रेणी कचरा पृथक्करण नियम

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के क्रियान्वयन हेतु नगरीय निकाय में उच्च स्तरीय बैठक हुई

समवेत शिखर संवाददाता



**कुम्हारी।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 और भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हालिया दिशा-निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन हेतु नगर निकाय कार्यालय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक में नगरीय निकाय के अध्यक्ष श्रीमति मीना वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर , समस्त वार्ड पार्षदगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गौरव केशरवानी एवं स्वच्छता से जुड़े अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के पालन हेतु बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश क्रमांक 6147/2023 के तहत अब वार्ड पार्षद केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपने वार्ड में स्रोत पर ही कचरा पृथक्करण शिक्षा के लिए मुख्य वैधानिक उत्तरदायी यानी नामित किए गए हैं। प्रत्येक वार्ड में पार्षद की अध्यक्षता में 'वार्ड स्वच्छता समिति' का गठन किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता पर्यवेक्षक, महिला स्वयं सहायता समूह और स्थानीय व्यापारी संघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**अब घर-घर में रखने होंगे 4 रंगीन डस्टबिन :** SWM नियम, 2026 के तहत अब नगर के सभी नागरिकों को अपने घरों और दुकानों में मिश्रित कचरा रखने की अनुमति नहीं होगी। अब प्रत्येक परिवार को अनिवार्य रूप से 4 अलग-अलग रंग के डिब्बों में कचरा बांटना होगा जिनमे हरा डिब्बा रसोई का गीला कचरा, नीला डिब्बा प्लास्टिक, कागज, कांच जैसे सूखा कचरा लाल डिब्बाः स्वास्थ्यकर अपशिष्ट जैसे डायपर, सैनिटरी नैपकिन इत्यादि और बैंगनी डिब्बा विशेष देखभाल अपशिष्ट जैसे दवाइयाँ, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, बैटरी) इत्यादि के लिए होंगी। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ढके हुए 4-कम्पार्टमेंट वाले वाहनों से ही कचरा संग्रहण किया जाएगा।

# जिले में ओडीएफ स्थायित्व के लिए तेज गति से हो रहा कार्य हजारों परिवारों को मिली शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि

### अब तक कुल 2651 हितग्राहियों के खातों में राशि ट्रांसफर की गई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्ण रूप से 'खुले में शौच मुक्त' (ओडीएफ) बनाए रखने और ग्रामीणों के स्वास्थ्य व स्वच्छता स्तर में सुधार के लिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक स्तर पर नए शौचालयों का निर्माण और प्रोत्साहन राशि के वितरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में प्राप्त मांग पत्रों के आधार पर 2462 नवीन पात्र परिवारों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। इनमें से 2382 हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात शासन द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जा चुका है। प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रूपए की वित्तीय सहायता दी जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 2,85,84,000 (2 करोड़ 85 लाख 84 हजार रुपये) की राशि जारी की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी पाटन जनपद पंचायत से 110 और धमधा जनपद पंचायत से 159, इस प्रकार कुल 269 हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण पूर्ण होने पर उनके बैंक खातों में 12 हजार रूपए के मान से कुल 32,28,000 (32 लाख 28 हजार रुपये) की प्रोत्साहन राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सीधे हस्तांतरित कर दी गई है। जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग दुबे ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ग्राम पंचायतों (सरपंच एवं सचिव) के माध्यम से जनपद पंचायत को प्राप्त मांग पत्रों की जांच जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा की जाती है। इसके बाद ग्रामीण स्तर पर जाकर घरों का भौतिक सत्यापन और 'जियो-टैगिंग की जाती है। कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र और आधार आधारित डीबीटी के माध्यम से राशि सीधे हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ने वाले नवीन परिवारों को शामिल किया जा रहा है। इसमें बीपीएल एवं एपीएल वर्ग के अंतर्गत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति,लघु एवं सीमांत कृषक, भूमिहीन मजदूर, महिला मुखिया परिवार, दिव्यांग (विशेष रूप से सक्षम) परिवारों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

# जिले में जनगणना प्रक्रिया हेतु प्रशासन ने जारी की आवश्यक एडवायजरी

### प्रगणक वैधानिक सीमा में करेंगे कार्य, अनावश्यक पूछताछ पर होगी सख्त कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग की अधिसूचना के परिपालन में जिला प्रशासन ने आगामी जनगणना के सुचारू संचालन के लिए प्रगणकों और नागरिकों के लिए अनिवार्य गाइडलाइंस जारी की हैं। जिसके अनुसार सभी नागरिक प्रगणक द्वारा पूछे गए वैधानिक प्रश्नों का सही उत्तर देने के लिए बाध्य हैं। हालांकि, स्थानीय सामाजिक परंपराओं का सम्मान करते हुए किसी भी महिला को उसके पति/मृत पति का नाम या किसी भी नागरिक को अपने परिवार के सदस्यों का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। नागरिकों को अपने घरों में प्रगणकों को युक्तियुक्त प्रवेश देने और मकानों पर जनगणना के लिए आवश्यक नंबर या चिन्ह लगाने की अनुमति देनी होगी। प्रगणकों को भी नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार करने और घरेलू रूढ़ियों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए है। प्रगणकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे वैधानिक सीमा में रहकर केवल केंद्र सरकार द्वारा राजपत्र में निर्दिष्ट और निर्धारित प्रश्नों को ही पूछें तथा नागरिकों से अनावश्यक या अतिरिक्त पूछताछ न करें। साथ ही, अपने कर्तव्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या इंकार करने पर प्रगणकों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत जानकारी देता है, उत्तर देने से इनकार करता है, या मकानों पर लिखे गए नंबरों को मिटाता/नुकसान पहुंचाता है, तो उस पर 1,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जनगणना कार्य में बाधा डालने या कार्यालय में अनधिकृत प्रवेश करने पर 1,000 जुर्माने के साथ अधिकतम 3 वर्ष तक की जेल का भी प्रावधान है। जनता के भ्रम को दूर करते हुए स्पष्ट किया गया है कि जनगणना में प्राप्त किये गए आंकड़े पूरी तरह गोपनीय रहेंगे। इन्हें किसी भी दीवानी या आपराधिक मामले में कोर्ट में सबूत के तौर पर पेश नहीं किया जा सकता।

# नि :शुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने पर आत्मनिर्भर बनी, आवागमन में होगी सुविधा

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम कोटराभाठा की दिव्यांग मथुरा साहू के लिए खुशियों का उपहार लेकर आया। जनसमस्या निवारण शिविर में दिव्यांग मथुरा साहू को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। दिव्यांग मथुरा साहू ने बताया कि मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से अब आवागमन में सुविधा होगी। अब वे मार्केट जाकर घर का सामान भी ला सकती है। उन्होंने बताया कि पहले वे कही नहीं जाती थी और ज्यादातर घर पर ही रहती थी। घर में परिवार के सदस्य आने जाने में मदद करते थे। मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मिलने पर उन्हें आत्मनिर्भर जैसे महसूस हो रहा है। उन्होंने अपनी खुशी बया करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में मिली मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मेरे लिए मददगार होगी।

# आभा आईडी के उपयोग से स्वास्थ्य सेवाएं हो रही डिजिटल

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल, आसान और तेज बनाने के लिए किया जा रहा है। इससे आम नागरिकों को महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं। जिले के मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को आभा आईडी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मरीज आभा ऐप के माध्यम से अपना समस्त हेल्थ रिकार्ड देख सकते है। स्कैन एण्ड शेयर सुविधा के माध्यम से अस्पताल पहुंचने पर मरीजों को लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। मरीज स्वास्थ्य केंद्र के बाहर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर आसानी से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकते हैं तथा अपनी बारी अनुसार उपचार सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

# एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद के दौरान आवश्यक सावधानी एवं व्यवस्था रखने की अपील

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफकेमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोशिएशन द्वारा ऑनलाईन फर्मेसी के विरोध में 20 मई 2026 को एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का आह्वान किया गया है। जिसे देखते हुए सहायक औषधि नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले के नागरिकों से आवश्यक सावधानी एवं व्यवस्था रखने की अपील की गई है। कोई भी आपातकालीन स्थिति होने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में एवं जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संपर्क करें। बंद की स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों को 20 मई 2026 को निश्चितरूप से 24 घंटे खोले रखने के निर्देश जारी किये गये हैं, ताकि आमजनों को दवाईयां मिलने में समस्या न हो।जिले में संचालित कुछ खुदरा विक्रेता जैसे श्री धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर बंद में शामिल नहीं हैं।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

राप्रक्र............/ब-121 सन् 2026-27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक संतोष साहू पिता जवाहरलाल जाति तेली निवासी ग्राम अगरी तहसील थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया है कि उनके पिता स्व.जवाहरलाल की मृत्यु दिनांक 15/04/1994 को ग्राम अगरी में हुआ है। अतएव जिस किसी को आपत्ति हो तो दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 22/05/2026 तक कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं।

आवेदक अपने नाम जवाहरलाल की मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है जो देने हेतु इस न्यायालय में आवेदन लंबित है।

अतः आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी थान खम्हरिया, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /तह./वाचक/2026

ग्राम घोंट, प.ह.नं.......

नवापारा, दिनांक 05/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंदूलाल सोनवानी पिता कपूर निवासी ग्राम घोंट, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर के द्वारा आवेदक अपनी पुत्री दिव्यांशी सोनवानी का दिनांक 13/06/2023 को स्थान घोंट का जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 20/05/2026 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोबरा नवापारा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /तह./वाचक/2026

ग्राम घोंट, प.ह.नं.......

नवापारा, दिनांक 05/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंदूलाल सोनवानी पिता कपूर निवासी ग्राम घोंट, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर के द्वारा आवेदक अपने पुत्र देव्यांश सोनवानी का दिनांक 13/06/2023 को स्थान घोंट का जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 20/05/2026 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोबरा नवापारा

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202603100900018 अ/27 वर्ष 2025-26

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अटारी पहन.35 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जयश्री पिता रुपचंद एवं अन्य निवासी ग्राम अटारी तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम अटारी पहन. 35 स्थित भूमि आवेदकगण के नाम पर संयुक्त खाता में दर्ज भूमि खसरा नबंर 17, 53, 152, 153, 162, 207, 251, 370, 531, 548 रकबा 0.24, 0.09, 3.30, 0.09, 3.07, 0.39, 0.12, 0.90, 0.23, 0.35, 3.28 हे. भूमि को आवेदकगण के मध्य आपसी सहमति के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पेश।

अतः आवेदक बागेश्वर पिता शिवप्रसाद एवं अन्य निवासी ग्राम बठेना तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत में खाता विभाजन किये जाने कि कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25.05.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.05.2026 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना, खण्ड रायपुर ( छ.ग. )**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र 'ए' में प्रतिशत दर पर कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:- (तृतीय आमंत्रण)

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्र./ दिनांक/सिस्टम नं. | जिला | योजना का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 1/15-05-2026 **191004** | रायपुर | Construction of E/M Circle Office Building for Public Health Engineering E/M Circle Raipur, District Raipur | 60.90 |

**Important Events and Times Schedule-** Bid Start Date- **18-05-2026,** Pre Bid meeting date **25-05-2026,** Bid Due Date- **01-06-2026,** PHY Doc. Submission Last Date- **03-06-2026,** PQ Document Download Date **03-06-2026**

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 16.05.2026 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना,
खण्ड रायपुर ( छ.ग. )

जी-262700791/4

**मांग नोटिस**

जबकि **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी (नीचे उल्लेखित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए) (इसके बाद **'एआरसीआईएल'** के रूप में संदर्भित) को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत शामिल किया गया है और एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के रूप में पंजीकृत किया गया है, भारतीय रिज़र्व बैंक के वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'सरफेसी अधिनियम' के रूप में संदर्भित) के साथ और जबकि उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता जैसा कि नीचे के कॉलम नंबर 2 में उल्लेखित है, उल्लेखित चार्ट ने मूल ऋणदाताओं से ऋण प्राप्त किया है और जबकि **एआरसीआईएल** ने नीचे उल्लेखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय संपत्तियां हासिल की हैं और जबकि **एआरसीआईएल** सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित ऋणदाता है, और धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ पढ़े गए उक्त अधिनियम के तहत नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं से नोटिस में उल्लेखित राशि को अतिरिक्त ब्याज के साथ नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया है, लेकिन उनमें से कुछ को विभिन्न कारणों से नोटिस नहीं भेजा जा सका।

| सीरियल नंबर | लैन नंबर/मूल ऋणदाता का नाम/ मांग नोटिस की तिथि/ ट्रस्ट का नाम | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम | मांग नोटिस तिथि के अनुसार कुल बकाया राशि रुपए में |
|---|---|---|---|
| 1. | लैनः 20008510003183/20008510003192 मूल ऋणदाताः बंधन बैंक लिमिटेड डिमांड नोटिस की तिथि : 13-01-2026 ट्रस्ट का नाम : एआरसीआईएल 2024सी-004 ट्रस्ट | संजय कुमार करके/ सुशीला बाई | 9,26,087.03 रुपए 13 जनवरी-2026 तक |

**संपत्ति का विवरण :** भूमि का वह सभी टुकड़ा और हिस्सा, जिसका कुल क्षेत्रफल 109.01 वर्ग मीटर है और सुपर बिल्डअप एरिया 130.48 वर्ग मीटर, जो थोड़ा कम या ज़्यादा हो सकता है और जिसका फाइनल प्लॉट नंबर है, प. ह. नं. 103, सर्वे नं. खसरा नं. 229/21, 232/22, अविनाश प्राइड के पास, वार्ड नं. 01, वीर सावरकर वार्ड, हीरापुर, जिला-रायपुर, राज्य-छत्तीसगढ़, पिन-492001, **उक्त भूमि निम्न प्रकार से घिरी और परिबद्ध है: पूर्व की ओर :** झा का मकान , **पश्चिम की ओर :** सड़क, **उत्तर की ओर :** खुली जमीन, **दक्षिण की ओर :** अविनाश प्राइड का बाउंड्री वाल।

| सीरियल नंबर | लैन नंबर/मूल ऋणदाता का नाम/ मांग नोटिस की तिथि/ ट्रस्ट का नाम | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम | मांग नोटिस तिथि के अनुसार कुल बकाया राशि रुपए में |
|---|---|---|---|
| 1. | लैनः 20008510003012 मूल ऋणदाताः बंधन बैंक लिमिटेड डिमांड नोटिस की तिथि : 20-09-2025 ट्रस्ट का नाम : एआरसीआईएल 2024सी-004 ट्रस्ट | सुजान सिंह/ लखविंदर कौर सिंह | 7,21,451.29 रुपए 08 सितंबर-2025 तक |

**संपत्ति का विवरण :** संपत्ति के वह पूरे हिस्से और भूखंड/ज़मीन का टुकड़ा, जिसका माप 500 वर्ग फीट है और जिस पर फ्लैट नंबर 8 स्थित है, ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 562/22/77 में शामिल, प. ह. नं.-90/20, रिया रेसीडेंसी जीके टाउनशिप के पास, सिलतरा, रायपुर-छत्तीसगढ़ में स्थित है। **उक्त भूमि निम्न प्रकार से घिरी और परिबद्ध है: पूर्व की ओर :** पाथवे , **पश्चिम की ओर :** फ्लैट नं. 07, **उत्तर की ओर :** पाथवे, **दक्षिण की ओर :** रास्ता।

अतः, ऊपर बताए गए उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है, जिसमें उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर, संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के विरुद्ध ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करें। यदि संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता द्वारा कुल बकाया राशि और उस पर लगने वाला अतिरिक्त ब्याज चुकाया नहीं जाता है, तो **एआरसीआईएल** को धारा 13(4) के तहत, ऊपर वर्णित संपत्तियों पर 'प्रतिभूति हित' को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पड़ेंगे, इसके साथ ही, अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों में निर्धारित अन्य तरीकों से भी नोटिस तामील कराने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। आपको सूचित किया जाता है कि उक्त गिरवी को, **एआरसीआईएल** द्वारा किए गए खर्चों, शुल्कों और व्ययों सहित, बकाया पूरी राशि का भुगतान करके, किसी भी समय उस तारीख से पहले छुड़ाया जा सकता है, जिस तारीख को सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) में बताए अनुसार, बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए सार्वजनिक नीलामी या निजी समझौते का नोटिस प्रकाशित किया जाता है।

ध्यान दें कि सरफेसी अधिनियम की धारा एस-13(13) के तहत आपको इसके द्वारा सुरक्षित संपत्तियों को किसी भी तरह से-चाहे बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से-हस्तांतरित करने और/या उनके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान : छत्तीसगढ़
दिनांक : 20-05-2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
(ट्रस्टी के रूप में क्षमता)

**एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**
CIN-U65999MH2002PLC134884, Website: www.arcil.co.in
**रजिस्टर्ड ऑफिस :** द रूबी, 10वां फ्लोर, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028, टेलीफोन. : + 91 2266581300. **ब्रांच ऑफिस :** रूम नं. 1001, 10वां फ्लोर, सिगनेट टॉवर, डीएन 2, सेक्टर 5, साल्ट लेक, कोलकाता-700091, प. बंगाल. **फोन नं.: 03348226608.**

## जूनियर रेडक्रास उपसमिति के वाइस चेयरमैन बने : गोस्वामी



**महासमुंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की अधिसूचना 15 दिसंबर 2017 के अनुसार, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम 1920 की धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य, संघ राज्य क्षेत्र तथा जिला शाखाओं के संचालन हेतु नियम निर्धारित किए गए हैं। इन नियमों को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा पूर्ण रूप से स्वीकार किया गया है। उक्त अधिसूचना एवं नियमों के पालन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर की राज्य प्रबंध समिति द्वारा विभिन्न समितियों एवं उपसमितियों का गठन किया गया है। नियम 12 अनुसूची.03 के अंतर्गत गठित विभिन्न समितियों में डॉ अशोक गिरि गोस्वामी को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। उन्हें नियम 12 अनुसूची.03 के 6;क अंतर्गत गठित वित्त समिति का सदस्य, नियम 12 अनुसूची.03 के 6;झ अंतर्गत गठित पाठ्यक्रम समिति का सदस्य तथा नियम 12 अनुसूची.03 के 7 अंतर्गत गठित जूनियर रेडक्रॉस कनिष्ठ समिति छत्तीसगढ़ राज्य का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। डॉ अशोक गिरि गोस्वामी वर्तमान में राज्य प्रतिनिधि एवं जिला रेडक्रॉस अधिकारी, महासमुंद के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद वे संपूर्ण छत्तीसगढ़ में जूनियर रेडक्रॉस की कार्ययोजना तैयार करेंगे तथा प्रदेश के विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस की गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार को सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संदीप दीवान, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र राठौर, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, संरक्षक सदस्य महेन्द्र कुमार श्रीश्रीमाल, मनोज पिंचा, अनिता रावटे, डॉ एम वॉय मेमन, दाऊलाल चंद्राकर, माधवराव टाकसाले, अरुणा शुक्ला, ऐतराम साहू, मनीष शर्मा, संजय शर्मा, सती साहू, प्रमोद तिवारी, प्रेम चंद्राकर, अरशी अनवर, एचआर बघेल, अभिषेक पाण्डेय, आकाश पाण्डेय, सुनील शर्मा, यशवंत चौधरी, हीरा बंजारे, राजेश्वर खरे, विश्वनाथ पाणिग्रही एवं धर्मेन्द्र महोबियातथा समिति के समस्त सदस्यों ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्वल कार्यकाल की कामना की।

# कलेक्टर ने बैठक लेकर अधिक से अधिक किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्वद्ध, विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खरीफसीजन में किसानों को खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आगामी खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए एवं खाद वितरण का कड़ाई से पालन करें। शासन के निर्देशानुसार यूरिया का 80 प्रतिशत मात्रा और डीएपी का 60 प्रतिशत वितरण किया जाएगा। उन्होंने खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग को डीएपी के विकल्पों की जानकारी देने, पारंपरिक यूरिया का उपयोग करने तथा नैनो यूरिया के लिए बाध्य नहीं किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद दुकानों सतत निरीक्षण एवं निगरानी के निर्देश दिए है एवं शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने शासकीय व्यय में मितव्ययता एवं वित्तीय अनुशासन बरतने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शासकीय अधिकारी.कर्मचारियों को पूल वाहन का उपयोग करने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि एक ही कार्यक्रम में जाने के लिए दो से तीन विभाग मिलकर एक ही वाहन का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यालयों में ऊर्जा की बचत करें। ई.ऑफिस एवं डिजीटल कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित करें और वाहनों में ईंधन का उपयोग मितव्ययिता के साथ करें। कलेक्टर ने विकसित कृषि संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विभाग को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विभाग को पृथक से पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 के अप्रारंभ आवासों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। जिन हितग्राहियों ने आवास प्रारम्भ नहीं किए हैंए उन्हें पुनः समझाईश देते हुए अंतिम अवसर दिया जाएगा। तत्पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत कलेक्टर ने अधिक से अधिक सोखता गड्ढे, डबरी, तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए है।

## रोजगार मेला 21 को,12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुन्द द्वारा 21 मई को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, ग्राम बरोड़ा बाजार महासमुन्द में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उपसंचालक रोजगार डॉ शशी अतुलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल होंगी। इनमें विजय क्लियरिंग एजेंसी, जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट, स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी, आईटीएम एजुटेक इंडिया लिमिटेड तथा एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए कुल 276 रिक्त पद उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं योग्य आवेदकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होवें। रोजगार मेले में साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को छग रोजगार एप अथवा रोजगार विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। जिला स्तरीय रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। पदवार योग्यताए वेतनमानए कार्यस्थल एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं अथवा रोजगार विभाग की वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं।

# सुशासन तिहार में मिला मालिकाना हक

### 10 हितग्राहियों को वितरित हुए भू स्वामित्व आबादी पट्टा

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर अब ग्रामीणों के लिए शिकायत निवारण का मंच नहीं, बल्कि अधिकारों और सुविधाओं तक पहुंच का माध्यम भी बनता जा रहा है।

इसी कड़ी में विकासखंड सरायपाली के ग्राम गड़फुलझर में आयोजित समाधान शिविर में 10 पात्र हितग्राहियों को भूस्वामित्व आबादी पट्टा वितरित किया गयाए जिससे उनके वर्षों पुराने इंतजार को नई पहचान और अधिकार मिला।पट्टा मिलने से हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी साफझलक रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें अपने आवासीय भूमि पर वैधानिक स्वामित्व का अधिकार प्राप्त हुआ है, जिससे भविष्य में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी सुविधा होगी। शिविर में सरायपाली से सत्यानंद, रूकमणी और टिकरए मेदनीपुर से बालुमकेश्वर एवं सर्वदमन, छोटेपटनी से जगत और खेमलाल तथा केंवटापाली से जानकी प्रसादए रामकुमार एवं महेन्द्र को भू स्वामित्व आबादी पट्टा प्रदान किया गया।

ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है।

# कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक

### एफसीआई एवं नॉन में शीघ्र चावल जमा करने के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की बैठक लेकर एफसीआई एवं नॉन में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र चावल जमा करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने धान उपार्जन एवं चावल जमा की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहूए नॉनए जिला विपणन अधिकारीए खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं जिले के राइस मिलर्स उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि एफसीआई में अब तक मात्र 19 हजार मीट्रिक टन चावल ही जमा किया गया है, जबकि लगभग 5 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य निर्धारित है। जबकि प्रति माह लगभग 50 हजार मीट्रिक टन चावल जमा किया जाना चाहिए। उन्होंने इस प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी राइस मिलर्स को तेजी से चावल जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राइस मिलर्स का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन मिलर्स द्वारा 50 दिनों से अधिक समय से चावल जमा नहीं किया गया हैए उन्हें विशेष रूप से नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार नॉन में भी न्यूनतम 200 मीट्रिक टन चावल जमा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने वर्ष 2024.25 के ऐसे राइस मिलर्सए जिन्होंने अब तक चावल जमा नहीं किया हैए उनके विरुद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में अंतरजिला परिवहन एवं समन्वय संबंधी समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित जिलों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा ताकि चावल जमा की प्रक्रिया प्रभावित न हो। कलेक्टर ने सभी राईस मिलर्स से सूखाग्रस्त ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल संचयन संबंधी गतिविधियों में सहयोग करने का आग्रह किया। राईस मिलर्स ने सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही।

# 9.17 करोड़ के सोने के आभूषण के साथ 3 गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** सिंघोडा पुलिस ने एनएच 353 रेहटीखोल नाका में रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान नौ करोड सत्ताईस लाख के सोने के आभूषणों व कार सहित तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार एनएच 353 रेहटीखोल नाका में रविवार 17 मई को वाहन चेकिंग के दौरान ओड़िसा की ओर से आ रही वोक्सवैगन कार क्रमांक जीजे 03 एनपी 4230 रोककर तीनो व्यक्तियों से पुछताछ करने पर पिछली सीट पर चेम्बर बनाकर 02 नग पीटठू बैग में 6 नग प्लास्टिक बॉक्स में सोने का आभुषण रखकर परिवहन करना बताये। आरोपीयों से नाम पता पूछने पर वाहन चालक ने अपना नाम जयेश अकबरी पिता मनसुख भाई 32 वर्ष निवासी मोडी बायपास ऑपोजिट शांति निकेतन कॉलेज बगल थाना मालवीया जिला राजकोट गुजरात, सुनीत कारेना पिता अश्विन भाई कारेना 22 वर्ष निवासी मोरविय रोड उत्सव सोसायटी स्ट्रेट नंबर 1 थाना बेरी जिला राजकोट गुजरात तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम रूशी अग्रावत पिता महेश भाई अग्रावत 26 वर्ष निवासी मोडी मैन रोड गणेश डेयरी स्ट्रीट मोडी प्लाट थाना मालवीया जिला राजकोट गुजरात का निवासी होना बताये। पीटठू बैग की तलाशी लेने पर विभिन्न प्रकार के सोने के आभुषण 7512,488 ग्राम का होना पाया गया , जिसकी कीमत 9 करोड 17 लाख चौरासी हजार दो सौ बीस रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त एक वोक्सवैगन कार10 लाख रुपए सहित कुल कीमत नौ करोड सत्ताईस लाख चौरासी हजार दो सौ बीस रुपए की संपत्ति को जप्त कर धारा 106 बीएनएसएस के तहत अग्रिम कार्यवाही हेतु आयुक्त आयकर विभाग एवं राजस्व सूचना निदेशालय छग की ओर अग्रेषित की गई है।

## रोड-नाली को लेकर व्यापारियों व नागरिकों ने रखी बैठक

### विधायक व नपा उपाध्यक्ष हुए शामिल

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** एकता चौक के व्यापारियों व नागरिकों ने विधायक राजू सिन्हा व नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी को आमंत्रित कर रोड नाली विषय पर बैठक व चर्चा की। ज्ञात हो एकता चौक से तुमगांव तक लगभग 2200 लाख की लागत से रोड नाली डिवाईडर सौन्दर्य करण का कार्य निर्माणधीन है। नागरिकों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का धन्यावाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि वर्षो से पुरानी मांग थी सड़क का चौड़ी करण आवश्क था आपके प्रयासो के कारण रोड़ चौड़ीकरण नाली निमार्ण प्रारम्भ हो पाया है सभी ने श्री सिन्हा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया गया कि ठेकेदार द्वारा गुलशन चौक तक ही नाली निर्माण का कार्य किया गया है ,एकता चौक तक नाली निर्माण कार्य पेन्डींग है ,एकता चौक तक की नाली पुरानी व बोल्डर वाली नाली है सड़क की उचाई भी बढ़ेगी इसलिए सी.सी. नाली निर्माण कराया जावे तथा निर्माण कार्य की गति धीमी है । रोड़ मे जगह जगह गड्डे हो गये है बरसात का सीजन भी आनेवाला है नाली का निर्माण आवश्यक बताया। इस पर विधायक ने लोक निर्माण विभाग के एस.डी.ओ. अग्रवाल को मौके पर बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, पार्षदगण माखन पटेल, हफिज़ कुरैषी,पप्पु ठाकुर, पियुश साहू,भाजपा नेता राजू चन्द्राकर धमेन्द्र महोबिया, हनिष बग्गा गोविन्द ठाकुर, नईम खान, शरद मराठा, दिनेश रूपरेला, गौरव राठी,उपस्थित थे एकता चौक के नागरिकगणो मे कस्तुरचंद राठी, ओमप्रकाष चाण्डक, बोधराम साहू, अजय चोपड़ा, दिनेश बहेरा, भुनेष्वर चन्द्राकर, डॉ. रवि दुबे, भुपेन्द्र सार्वा, दुर्गा प्रसाद दुबे, हनुमान प्रसाद दुबे, मुकेश साहू, वदुद खान, भास्कर साहू, अजय राठी, खिलावन यादव,समीर करकसे सहित व्यापारीगण उपस्थित थे।

# सांसारिक बंधन से छूटे बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं : पंकज तिवारी

### सात्विक भाव से की गई पूजा ही श्रेष्ठतम

समवेत शिखर संवाददाता





**महासमुंद।** भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा पुरी धाम में आयोजित भागवत कथा का रसपान कराते हुए व्यास पीठ से आचार्य पंकज तिवारी ने कहा कि रस्सी से बंधा हुआ व्यक्ति तो बंधन से छूट सकता है।लेकिन इच्छाओं के बंधन से छूट पाना मुश्किल है, जितनी ज्यादा सांसारिक इच्छाएं और कामनाएं होगी उतना ही व्यक्ति ज्यादा परेशान रहेगा, इसलिए सांसारिक बंधन से मुक्ति का प्रयास करना चाहिए, जब तक जीवन में बंधन रहेगा मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा सहजता ही मोक्ष का मार्ग है।स्वभाव में जितनी ज्यादा सहजता, सहनशीलता सरलता, स्वच्छता रहेगा मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होगा।भगवान कपिल ने अपनी माता देहुति द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि भक्ति तीन प्रकार से की जा सकती है सतो, रजोऔर तमो। तीनों प्रकार की भक्ति का फल अवश्य मिलता है। किसी व्यक्ति को नीचा दिखाने के लिए की गई भगवान की भक्ति पूजा तामसिक भक्ति है.सांसारिक वस्तु की कामना से की गई भक्ति राजसी भक्ति है और कर्मो के प्रायश्चित के लिए किया जाने वाला कर्म, सद्भाव विस्तार से की गई आराधना सात्विक भक्ति है। व्यक्ति जिस भाव से पूजा कर रहा है उसके पूजा विधि में कोई कोई भेद नहीं है। भेद है तो केवल भाव का, इसलिए सात्विक भाव से की गई आराधना ही श्रेष्ठ भक्ति माना गया है। व्यास पीठ से उन्होंने तामसी भक्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि दक्ष ने अहंकार भाव से शिव को अपमानित करने के लिए यज्ञ रचाया। जिसके कारण उसे अपमानित होना पड़ा और यज्ञ फल की प्राप्ति नहीं हो सकी। सती के देह त्याग का बखान करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने स्वभाव त्यागना नहीं चाहिए। दक्ष यज्ञ में बिना बुलाए ही सती के पहुंचने पर दक्ष ने अपनी पुत्री का अपमान किया।पिता से अपमानित होकर सति यह अपमान तो सह गई,किंतु सति को विचार आया कि उसे अपना स्वभाव नहीं छोड़ना चाहिए।इसलिए सती यज्ञ मंडप में जाकर बड़ों, देव, देवताओं को आदर दे रही थी किंतु यज्ञ मंडप में भगवान शिव को यथोचित सम्मान नहीं मिलने से सती ने योग अग्नि से अपने देह का त्याग किया।यह सूचना जब भगवान शिव के पास पहुंची तो उन्होंने वीरभद्र प्रकट किया जिसने यज्ञ विध्वंस कर दक्ष को दंडित किया। देवताओं के निवेदन पर भगवान शिव ने दक्ष को बकरे का सिर लगाकर जीवन दान प्रदान किया प्रदान किया। कथा के पूर्व व्यास पीठ पर आचार्य श्री पंकज तिवारी को मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय सह जजमान मनोज कांत सीता देवी साहू, हेमंत तारा चंद्राकर ने पुष्पहार से स्वागत किया।

# 'हर कॉल गंभीर, हर रिस्पांस तेज' एसपी परिहार ने डायल-112 टीम को दिए सख्त निर्देश

### धमतरी पुलिस के 12 हाईटेक ईआरवी वाहन रहेंगे 24 घंटे ऑन रोड अब इमरजेंसी में मदद नहीं होगी लेट

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन एवं उपस्थिति में पुलिस लाईन धमतरी स्थित कम्पोजिट बिल्डिंग में डायल-112 एवं ईआरवी (Emergency Response Vehicle) में पदस्थ पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वाहन चालकों की विशेष एवं व्यापक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में आपातकालीन पुलिस सहायता व्यवस्था को और अधिक त्वरित, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाना था।

कार्यशाला में जिले को प्राप्त कुल 12 नवीन हाईटेक डायल-112 ईआरवी वाहनों के संचालन, रिस्पांस सिस्टम, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्यवाही, घटनास्थल तक शीघ्र पहुंच, तकनीकी समन्वय एवं आमजन से संवेदनशील व्यवहार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिले के 12 थाना क्षेत्रों में ये ईआरवी वाहन 24 घंटे सक्रिय रूप से तैनात रहेंगे, जिससे सड़क दुर्घटना, महिला संबंधी अपराध, विवाद, मारपीट, आपराधिक घटनाओं एवं अन्य आपात स्थितियों में नागरिकों को तत्काल एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। छत्तीसगढ़ शासन की यह महत्वाकांक्षी डायल-112 ईआरवी योजना आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें शहर क्षेत्रों में मात्र 10 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर पुलिस रिस्पांस सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अत्याधुनिक आपातकालीन सेवा के माध्यम से दुर्घटना, अपराध एवं अन्य आपात परिस्थितियों में पीड़ितों तक शीघ्र पहुंचकर तत्काल राहत एवं सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त इन अत्याधुनिक डायल-112 ईआरवी वाहनों को देश के माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इन वाहनों के जिले में शामिल होने से धमतरी पुलिस की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता और अधिक मजबूत एवं प्रभावी हुई है, जिससे आमजन को समयबद्ध एवं भरोसेमंद पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

कल इन सभी डायल-112 एवं ईआरवी वाहनों को विधिवत हरी झंडी दिखाकर उनके निर्धारित थाना क्षेत्रों के लिए रवाना किया जाएगा, जहां वे 24 घंटे सक्रिय रहकर आम नागरिकों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर संबंधित थाना क्षेत्रों के अधिकारी-कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि डायल-112 एवं ईआरवी सेवा आम जनता की सुरक्षा, विश्वास एवं त्वरित राहत का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक कॉल एवं सूचना को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ लेते हुए न्यूनतम समय में घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## भीषण गर्मी को देखते हुए पशुओं से भार एवं सवारी ढोने पर दोपहर में प्रतिबंध

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने पशुओं के संरक्षण एवं उनके स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। ÷परिवहन एवं कृषिक पशुओं पर क्रूरता निवारण÷ नियमों के तहत जिले की सीमा अंतर्गत पशुओं के माध्यम से वजन अथवा सवारी ढोने वाले सभी साधनों के संचालन पर दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश 01 मई 2026 से प्रभावशील है तथा 30 जून 2026 तक लागू रहेगा। जारी आदेश के अनुसार बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, टांगा, ऊँटगाड़ी, खच्चरगाड़ी, टट्टूगाड़ी एवं गधा गाड़ी जैसे पशु चालित साधनों का उपयोग निर्धारित समयावधि में नहीं किया जा सकेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भीषण गर्मी के दौरान अत्यधिक तापमान के कारण पशुओं में निर्जलीकरण, थकावट, गंभीर बीमारी एवं मृत्यु तक की आशंका बनी रहती है। ऐसे में यह निर्णय पशुओं के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर लिया गया है।

कलेक्टर ने पशुपालकों, वाहन संचालकों एवं आम नागरिकों से आदेश का पालन करने की अपील की है। साथ ही पशुओं को पर्याप्त पानी, छायादार स्थान एवं आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# सुशासन तिहार में सीधे आपके घर के दरवाजे तक पहुंच रही है सरकार : साहू

### विधायक रोहित साहू ने हितग्राहियों को बांटी सामग्री

समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भेंड्री (लो) में शासकीय योजनाओं को आम जनता तक सीधे पहुँचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू शामिल हुए।



शिविर में कलस्टर के सभी 15 पंचायतों के नागरिक और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। शिविर में उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए विधायक ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमकर सराहना की और जनता से बढ़-चढ़कर लाभ उठाने का आह्वान किया।शिविर के दौरान विधायक रोहित साहू ने एक बड़ा और संवेदनशील फैसला लेते हुए भेंड्री में संचालित शासकीय उचित मूल्य (राशन) की दुकान का संचालन अब तक रायपुर जिले के एक बाहरी समूह द्वारा किया जा रहा था, जिससे स्थानीय स्तर पर असंतोष था। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मंच से ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि राशन दुकान का संचालन तत्काल प्रभाव से स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को सौंपा जाए। जब हमारी स्थानीय बहनें राशन दुकान संभालेंगी, तो पारदर्शिता भी आएगी और हमारी गाँव की महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। महिला सशक्तिकरण ऐसे फैसलों से ही जमीन पर दिखेगा। विधायक के इस फैसले का ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारी सरकार का केवल एक ही संकल्प है 'सुशासन। और सुशासन का असली मतलब तब सिद्ध होता है जब शासन की योजनाएं दफ्तरों की फाइलों से निकलकर सीधे आपके घर के दरवाजे तक पहुँचे। आज का यह शिविर इसी बात का प्रमाण है कि आपको अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि पूरा प्रशासनिक अमला खुद चलकर आपके गांव आया है। मैंने अभी सभी विभागीय स्टालों का भ्रमण किया। हमारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अंबार लगा हुआ है।

कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक रोहित साहू ने शिविर में लगाए गए विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों का विस्तृत भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके पश्चात विधायक के हाथों विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सामग्रियों और प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। राहत सामग्री पाकर हितग्राहियों ने प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला कलेक्टर भगवान सिंह उइके,राजेश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष,जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी , जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, अध्यक्ष सरपंच संघ हरीश साहू जी, आदि सहित कलस्टर में शामिल सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों,नागरिकों और अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## न्यूज ब्रीफ

### कृष्णा कॉलोनी में नए पदाधिकारियों का गठन

**भाटापारा।** शहर के कृष्णा नगर कॉलोनी में नये पदाधिकारी का गठन किया गया। जिसमें सुरेश मंधान को सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया । इसी तरह वेंकट राव उपाध्यक्ष , सुरेश गुप्ता सचिव , मंजित सिंग सप्पल को सहसचिव ,नुर मोहम्मद को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कॉलोनी की बुनियादी समस्याओं जैसे पेयजल, सफाई , सुरक्षा , बिजली , को व्यवस्थित कर बेहतर कार्य करने की मंशा जताई है । सजी निर्वाचन निर्विरोध रूप से निर्वाचन अधिकारी ने संपूर्ण कराया ।



### निः शुल्क समर कैम्प का आयोजन 25 को

**भाटापारा।** आगामी 25 मई से 5 जून तक निः शुल्क समर कैम्प का आयोजन किरण इवेंट फ्युजन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल विश्राम गृह के सामने आयोजित किया गया । निः शुल्क समर कैम्प में प्रातः 7.30 बजे से 10.00 बजे तक मेहंदी , रंगोली, पेटिंग , कर्सिव राईटिंग एवं डांस का निः शुल्क प्रशिक्षण बच्चो को दिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी डॉ. अरूण छाबड़ा बंटी ने दी है।

### पात्र विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति का मिलेगा लाभ

**धमतरी।** केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अब अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कक्षा 1वीं से 10वीं तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अन्य पात्र वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्रदान करने हेतु यह व्यवस्था लागू की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के COMPONENT-II अंतर्गत देश के अस्वच्छ व्यवसाय से जुड़े परिवारों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

## निधन



### अजय नायडू

**भाटापारा।** नगर पालिका कार्यालय में सेवारत राजस्व अधिकारी अजय नायडू का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में पालिका कर्मचारी सहित अन्य लोग बड़ी तादाद में शामिल हुए। पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नायडु के निधन पर शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजली दी है।

# अकाल पुरख की फौज के तत्वावधान में प्रतियोगिता आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** अकाल पुरख की फौज द्वारा विशाल शब्द कीर्तन प्रतियोगिता 2026 का सफल आयोजन गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में किया गया। इस प्रतियोगिता में भाटापारा, बलौदाबाजार, नवागढ़, बेमेतरा, तखतपुर, डोंगरगढ़,पिथौरा सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों से आये बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया।



उक्त सफल आयोजन में अकाल पुरख की फौज के ,अमरजीत सिंह सलूजा, बलवंत सिंह सलूजा , रविंद्र सिंह चावला , मनमहेंद्र सिंह चावला, बेअंत सिंह खालसा, राजा गुंबर एवं हरभगवान गुंबर की टीम का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम के निर्णायक पैनल में निशु सलूजा एवं जगजीत सिंह, जसविंदर सिंह उपस्थित थे। उक्त अवसर पर श्वेता सेठी एवं शीतल सलूजा ,बेमेतरा से वीर जसपाल सिंह सलूजा, प्रतापल सिंह छाबड़ा एवं जसपाल सिंह चावला विशेष रूप से उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित थे। जपनूर कौर खुराना , नीरत कौर खुराना , निरवैर कौर मक्कड़ , लवलीन कौर खुराना , गुरबानी कौर छाबड़ा , रसलीन कौर सलूजा , पैज कौर खुराना को पुरस्कार प्रदान किया गया। उपरोक्त अवसर पर सुशील सेठी, गुरमीत गुंबर, विजय आनंद, हरप्रीत सलूजा, मंजीत सिंह सपल, राजा चावला, पिंकू सलूजा, सतीश राजपाल, मोहन खालसा, गगनजीत आनंद, जॉन्टी गुंबर, मन्नी छाबड़ा, सहज गुंबर, मीत छाबड़ा, अमन चावला, गुरदयाल गुंबर, सरनजीत सिंह खालसा, कमल सेठी, सिरजन गुंबर, उमंग चावला, रोबिन चावला, सरबजीत राणा, सरनप्रीत छाबड़ा, चिंटू छाबड़ा, सनी सलूजा, सन्नी मक्कड़, रूपेंद्र सिंह खालसा, रंजीत सिंह छाबड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अकाल पुरख की फौज कि और. से अमरजीत सिंह सालुज बलौदाबाजार इकाई ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों, अभिभावकों, संगत एवं प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# जल संकट का स्थायी समाधान : जर्जर पाइपलाइन बदली गई

### अब सुचारू रूप से होगी जलापूर्ति

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** नगर पंचायत खरोरा में पिछले लंबे समय से चली आ रही पेयजल की किल्लत अब हमेशा के लिए दूर हो गई है. नगर पंचायत के अथक प्रयासों से नायकटाड स्थित दशकों पुरानी और जर्जर पाइपलाइन को बदलने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है. इस नई पाइपलाइन के बिछने से स्थानीय नागरिकों को अब भविष्य में पानी की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा।



नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अनिल सोनी और पूरे नगर पंचायत के विशेष प्रयासों से इस महत्वपूर्ण कार्य को हरी झंडी मिली थी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि नायकटाड स्थित पुरानी पाइपलाइन पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी.जगह-जगह लीकेज होने के कारण पानी की बर्बादी होती थी और गंदे पानी की शिकायत भी बनी रहती थी. लीकेज सुधारने के चक्कर में अक्सर नगर की जलापूर्ति बाधित रहती थी. अब इस पुरानी लाइन को हटाकर उच्च गुणवत्ता वाली नई जीआई (GI) पाइपलाइन बिछा दी गई है. यह नई लाइन अत्यधिक मजबूत है, जिससे आने वाले कई सालों तक लीकेज की समस्या नहीं होगी। कार्य पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अनिल सोनी ने इस मुहिम में जुटे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की. उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद कर्मचारियों ने दिन-रात एक करके इस काम को समय पर पूरा किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

# 11 पंचायतों के पूर्व सरपंचों को एसडीएम अभनपुर द्वारा 30 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश जारी किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**नवापारा राजिम।** अभनपुर विकासखंड के 11 पंचायतों के पूर्व सरपंचों को न्यायालय एसडीएम अभनपुर द्वारा 30 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश जारी किया गया है । आदेश जारी करने के पूर्व तमाम न्यायालयीन प्रक्रियाओं का पालन किया गया है।

यह आदेश उक्त पूर्व सरपंचों द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान शासकीय राशि का गबन किए जाने और उन्हें संबंधित राशि राजकोष में जमा किए जाने हेतु आदेशित किए जाने के बाद भी जमा नहीं किए जाने के कारण जारी किया गया है । 30 दिनों का जेल भेजने का आदेश जारी किए जाने के पूर्व उक्त सभी पूर्व सरपंचों को न्यायालय एसडीएम अभनपुर द्वारा मांग नोटिस जारी करने के साथ ही उनकी चल/अचल संपति जब्त करने की कार्रवाई भी गई थी।

लेकिन इसके बावजूद संबंधित राशि चुकाने के लिए पर्याप्त साधन होने के बाद भी संबंधित पूर्व सरपंचों द्वारा गबन की गई शासकीय राशि जमा करने में हीला हवाला किया जा रहा था । इतना ही नहीं एसडीएम न्यायालय द्वारा सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उन्हें उनके कृत्य के लिए क्यों न जेल भेजा जाए ? भी पूछा गया था । लेकिन किसी भी पूर्व सरपंच द्वारा उक्त नोटिस का संतोषजनक और वैधानिक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया । आखिरकार 18 मई को एसडीएम न्यायालय द्वारा सभी को, 30 दिन या फिर जब तक वे संबंधित राशि जमा नहीं कर देते हैं, तब तक सिविल जेल भेजने का आदेश जारी कर दिया गया । आदेश की तामिली करते हुए संबंधित पूर्व सरपंचों को जेल भेजने का पत्र संबंधित थाना प्रभारी को प्रेषित कर दिया गया है । साथ ही केंद्रीय जेल रायपुर के अधीक्षक को भी इस आशय का पत्र भेजा गया है ।

जिन पूर्व सरपंचों के विरुद्ध इस आशय का आदेश जारी किया गया है उनमें सेवाराम यादव (पूर्व सरपंच घोंठ ) 1 लाख 96 हजार रुपए, गोपाल ध्रुव (पूर्व सरपंच कुर्रु) 80 हजार रुपए, गोपेश ध्रुव (पूर्व सरपंच आलेखुंटा) 50 हजार रुपए, तुलसीराम बारले (पूर्व सरपंच खोला) 20 हजार 927 रूपए, रामेश्वर प्रसाद डहरिया (पूर्व सरपंच परसुलीडीह) 5 लाख 90 हजार 387 रुपए, थनवार बारले (पूर्व सरपंच पचेड़ा) 3 लाख 80 हजार रुपए, श्रीमती सावित्री यादव (पूर्व सरपंच गोतियारडीह) 2 लाख 47 हजार 34 रुपए, धर्मेंद्र यदु (पूर्व सरपंच चंपारण) 30 हजार 700 रुपए, राधेश्याम लहरी (पूर्व सरपंच घुसेरा) 80 हजार रुपए, तुकाराम कारले (पूर्व सरपंच भोथीडीह) 2 लाख रुपए और सेवेंद्र तारक (पूर्व सरपंच तोरला) 1 लाख 56 हजार 915 रुपए शामिल हैं । एसडीएम अभनपुर ने बताया कि अगर संबंधित पूर्व सरपंच राशि जमा कर देते हैं तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा ।

# व्यापम परीक्षा द्वारा आयोजित प्री-फार्मेसी टेस्ट के लिए परीक्षा केंद्र होगा सुरेंद्र साय कालेज

### 21 को आयोजित होने वाली परीक्षा में 265 परीक्षार्थी होंगे शामिल

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 21 मई 2026,गुरुवार को आयोजित प्री-फार्मेसी टेस्ट (प्रवेश परीक्षा) के लिए जिला मुख्यालय गरियाबंद में कुल 265 परीक्षार्थी शामिल होंगे।व्यापम को प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के अनुसार जिले में परीक्षा संचालन के लिए शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

कलेक्टर बीएस उइके ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेड़िया को नोडल अधिकारी तथा सहायक अधीक्षक चौतराम कोडप्पा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही तीन सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे अपना प्रवेश पत्र इंटरनेट से डाउनलोड कर साथ लाएं तथा पहचान सत्यापन के लिए वोटर आईडी,आधार कार्ड, ई-आधार,पेनकार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति साथ रखें।मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा।जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व केन्द्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं ताकि फ्रिस्किंग एवं पहचान सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा केन्द्र पहुंचना होगा।काले, गहरे नीले,गहरे हरे,जामुनी,मैरून,बैंगनी एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।परीक्षा केन्द्र में मोबाइल,कैलकुलेटर, डिजिटल घड़ी,संचार उपकरण,पर्स,पाउच,बेल्ट, स्कार्फ,टोपी तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।अभ्यर्थियों को केवल काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन के साथ परीक्षा केन्द्र आने की अनुमति होगी। परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने पर अभ्यर्थिता समाप्त करने सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नीट पेपर लीक कांड पर युवा कांग्रेस रायपुर ग्रामीण का तीखा प्रहार



### प्रधानमंत्री का पुतला दहन, बस स्टैंड आरंग में गूंजे जोरदार नारे

समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** नीट परीक्षा में एक बार फिर हुए पेपर लीक जैसे राष्ट्रीय स्तर के गंभीर मुद्दे पर युवा कांग्रेस रायपुर ग्रामीण जिला ने आज आरंग ब्लॉक बस स्टैंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर एवं ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर पटेल के संयुक्त नेतृत्व में,साथ ही प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश तथा पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड में एकत्र होकर केंद्र सरकार की विफलताओं के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और पेपर लीक की लगातार हो रही घटनाओं पर रोष व्यक्त किया।

पुलिस प्रशासन द्वारा पुतला दहन रोकने का प्रयास भी किया गया, जिसके चलते मौके पर दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति देखने को मिली।

जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर ने कहा लगातार वर्षों से पेपर लीक की घटनाएँ सामने आ रही हैं, जिससे देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। केंद्र सरकार परीक्षाओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। यह गूंगीबहरी सरकार युवाओं की पीड़ा सुनने को तैयार ही नहीं है।

आज हमने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया है। यदि आने वाले समय में पेपर लीक के और मामले सामने आए, तो युवा कांग्रेस और भी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

उक्त कार्यक्रम मे ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू , खिलावन निषाद पार्षद समीर गोरी , भरत लोधी , दीपक चंद्राकर , उपेंद्र साहू , सादिक बैलीम , मनमोहन गुप्ता , सुनील बघेल , शैलेश साहू , नारायण सोनी , मनोज सोनकर , मोनू कंदरा , शेखर लोधी , शिवा जल्छतरी , चन्दन लोधी , मुकेश लोधी , राजकुमार जलछत्री , मनीष जलछत्री , गोपि जलछत्री , अंगे लोहार , मोहन साहनी , पुनेन्द्र जलचत्री , पुरन जलछत्री एवं अधिक संख्या मे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए ।

# राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का आह्वान आज

### गंभीर मरीजों से दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने की अपील

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफकेमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 20 मई 2026 को देशभर में एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद रखा जाएगा।संगठन के अंतर्गत देशभर में लगभग 12 लाख 40 हजार से अधिक केमिस्ट एवं औषधि वितरक जुड़े हुए हैं।ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में किए जा रहे इस बंद को लेकर जिला गरियाबंद केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट संघ द्वारा भी कलेक्टर कार्यालय में अग्रिम सूचना का ज्ञापन सौंपा गया है। संभावित स्थिति को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग गरियाबंद ने जिलेवासियों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

विभाग ने मधुमेह, रक्तचाप, अस्थमा, हृदय रोग, कैंसर, मिरगी सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों से नियमित उपयोग की दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक पहले से खरीदकर रखने का अनुरोध किया है। साथ ही जीवनरक्षक दवाइयों, मौसम संबंधी आवश्यक दवाइयों एवं बच्चों की दवाओं को भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने की सलाह दी गई है। आपातकालीन स्थिति में नागरिकों को नजदीकी अस्पताल, जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से संपर्क करने को कहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों एवं श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स को 20 मई को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश दिए हैं,ताकि आम लोगों को दवाइयों की उपलब्धता बनी रहे।विभाग ने बताया कि कुछ निजी दवा विक्रेता,जैसे अपोलो फार्मेसी एवं कुछ श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स बंद में शामिल नहीं होंगे और आवश्यकता पड़ने पर वहां से दवाइयां प्राप्त की जा सकती हैं। दवाइयों की अनुपलब्धता की स्थिति में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के टोल फ्री नंबर 93405-97097 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने जिला दवा विक्रेता संघ से शांतिपूर्ण एवं वैध तरीके से बंद का समर्थन करने, आपातकालीन एवं जीवनरक्षक दवाइयों की आपूर्ति बनाए रखने,अफवाहों से बचने तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की है।

# पैरी घूमर में पर्यटकों से अवैध वसूली का आरोप

### सफाई के नाम पर 50 रुपए की रसीद, लेकिन गंदगी जस की तस

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए पैरी घूमर जो आज राज्य में अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हो चला है ।जिसके चलते प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग घूमने आते है,वही रविवार छुट्टी का दिन होने के चलते हजारों की संख्य में पर्यटक परिवार सहित आने लगे है,जिनसे स्थानीय समिति लुट मचाए है और वाहनों से 50 रुपए राशि सफाई व्यवस्था के नाम से अवैध रूप से ले रहे है जिससे पर्यटकों में नाराज़गी उठने लगा है और जिम्मेदारों पर सवाल उठने लगे है।



ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पैरी घूमर में इन दिनों पर्यटकों से कथित तौर पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है।घूमने पहुंचे लोगों से सफाई व्यवस्था के नाम पर 50 रुपए की रसीद काटी जा रही है,लेकिन मौके की स्थिति देखकर पर्यटक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। स्थल पर जगह-जगह फैली गंदगी, प्लास्टिक कचरा और अव्यवस्थित हालात समिति के दावों की पोल खोल रहे हैं।वही रसीद में किसी का दस्तखत ना होना ये वसूली पूरा अवैध साबित होता है।पर्यटकों का कहना है कि जब सफाई के नाम पर शुल्क लिया जा रहा है तो फिर पर्यटन स्थल की साफ-सफाई क्यों नहीं दिखाई दे रही। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सिर्फ रसीद काटकर पैसे वसूले जा रहे हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी उपलब्ध नहीं है। बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं, कूड़ादान गायब और आसपास बदबू से लोग परेशान नजर आए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि छुट्टियों और सप्ताहांत में यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, जिससे अच्छी खासी आमदनी होती है। इसके बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। लोगों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार केवल वसूली में व्यस्त है,जबकि पर्यटन स्थल की मूलभूत सुविधाएं भगवान भरोसे हैं।

पर्यटकों ने यह भी मांग की है कि यदि शुल्क लिया जा रहा है तो उसका स्पष्ट हिसाब सार्वजनिक किया जाए और सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए। वहीं मामले को लेकर प्रशासन की चुप्पी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस कथित अवैध वसूली और बदहाल सफाई व्यवस्था पर क्या कार्रवाई करता है या फिर पैरी घूमर आने वाले पर्यटकों को इसी तरह परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस वसूली के विषय में पैरी घूमर के अन्तर्गत आने वाला पंचायत के सरपंच भैया लाल ने दोहरी बात करते हुए कहां कि पर्यटक ज्यादा आने लगे है उनकी सुरक्षा और स्थल की सफाई के नाम से ये राशि वसूली जाती है,साथ ही देवीदेवता की पूजा होती है उसके नाम से राशि लेने की बात कहा।

# अभनपुर विखं के सभी विद्यालयों के रसोइयों का प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित





समवेत शिखर संवाददाता

**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विकासखण्ड अभनपुर के रसोइयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बजरंग दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखण्ड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 650 रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षण का आयोजन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास से सीधे जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन में रसोइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने फोर्टिफाइड चावल के महत्व, उपयोगिता एवं उसके पोषण संबंधी लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने में सहायक है।

रसोइयों से भोजन बनाते समय स्वच्छता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। प्रशिक्षण के दौरान सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार साहू ने रसोइयों को भोजन निर्माण में व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोईघर की साफ-सफाई, संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार की आवश्यकता, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण एवं उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य श्रीमती जानकी साहू द्वारा स्वच्छता के साथ सही मन से भोजन बनाने एवं परोसने पर जोर दिया।

मास्टर ट्रेनर बसंत दीवान, हेमंत साहू, टिकेंद्र साहू, श्रीमती सोमा बनिक , श्रीमती शशिकिरण साहू द्वारा प्रशिक्षण को व्यवहारिक स्वरूप देते हुए रसोइयों को फोर्टीफाइड चावल के महत्व, उपयोगिता,फोर्टिफाइड चावल को बनाने की सही विधि, रसोईघर की स्वच्छता, गैस एवं अन्य ईंधन के सुरक्षित उपयोग तथा भोजन वितरण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को पीपीटी एवं वीडीयो के माध्यम से समुचित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र को संवादात्मक बनाते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### रेत माफियाओं पर कार्रवाई, अवैध परिवहन करते 2 ट्रैक्टर और 2 ट्रॉली जब्त



**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफलगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम ने फिंगेश्वर क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रेत परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। जानकारी के मुताबिक,खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर और इंस्पेक्टर कोमल ध्रुव की टीम ने सरगी नाला,ग्राम तर्रीघाटकुसीरीखुर्द सीमा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी।वहीं खूंटेरी क्षेत्र से भी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रेत परिवहन करते पाए गए। सभी वाहनों को जब्त कर फिंगेश्वर थाना की अभिरक्षा में रखा गया है।कार्रवाई के बाद विभागीय टीम ने ग्राम लोहरसी, सहसपुर, कुंडल और रवेली पहुंचकर ग्रामीणों की मौजूदगी में सरगी नाला क्षेत्र का मौका निरीक्षण भी किया। जांच के दौरान मौके पर किसी प्रकार का अवैध रेत उत्खनन या परिवहन कार्य संचालित नहीं पाया गया। वही खनिज विभाग का कहना है कि जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफआगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रायगढ़ में बूंदाबांदी, दुर्ग-भिलाई में आंधी-तूफान

**रायपुर।** रायगढ़ में शाम होते ही तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। सुबह से तेज धूप और उमस के कारण लोग काफी परेशान रहे। वहीं दुर्ग-भिलाई में भी आंधी-तूफान का असर देखने को मिला। राजधानी रायपुर में भी शाम होते-होते आसमान में बादल छा गए और मौसम सुहाना हो गया। भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की चेतावनी जारी की है। गरियाबंद, धमतरी, बस्तर और कोंडागांव जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस हल्की बारिश से तापमान में कोई बड़ी राहत नहीं मिलेगी। अगले चार दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आने वाले दिनों में लोगों को और ज्यादा झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा। पिछले 24 घंटे में बिलासपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान पेंड्रा रोड और अंबिकापुर में 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग (IMD) द्वारा जारी खतरे की पहली चेतावनी होती है, जिसका मतलब है कि खतरे के प्रति सचेत रहें।

# बस्तर के हर आदिवासी को गाय-भैंस देंगे, डेयरी नेटवर्क बनेगा : शाह

- » देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनेगा बस्तर
- » केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा-नक्सल खात्मे का टारगेट पूरा
- » नक्सल उन्मूलन अभियान में कांग्रेस सरकार ने नहीं की मदद
- » जवानों के एक-तिहाई कैंपों को 'वीर शहीद गुंडाधर सेवा डेरा' के रूप में विकसित किया जाएगा

**समवेत शिखर संवाददाता**

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक हुई, जिसमें विकास का रौडमैप तैयार किया गया। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद के खात्मे का टारगेट हासिल कर लिया गया। गृह मंत्री ने आगे कहा कि हर आदिवासी महिला को पशुपालन से जोड़ने की योजना है। बस्तर के हर आदिवासी नागरिक को एक गाय और एक भैंस देंगे। 6 महीने में बस्तर में बड़ा डेयरी नेटवर्क बनेगा। बस्तर अब देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनेगा।



श्री शाह ने कहा कि बस्तर में अब भय का माहौल समाप्त हो चुका है। हर जगह उत्साह, विश्वास नजर आ रहा है। हम सबके लिए गर्व का विषय है कि बस्तर अब नक्सल मुक्त हो गया है। कभी बंदूकों की साया में जीने वाला बस्तर आज चैन की सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस (भूपेश) सरकार से उन्हें नक्सल उन्मूलन में सहयोग नहीं मिला। बस्तर के नक्सल मुक्त होने के बाद 70 कैंपों में से लगभग एक-तिहाई कैंपों को 'वीर शहीद गुंडाधर सेवा डेरा' के रूप में विकसित किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ अभियान की चार महत्वपूर्ण तिथियों का जिक्र करते हुए कहा कि पहली तारीख 13 दिसंबर 2023 थी, जब छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनी। इससे पहले कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने नक्सल उन्मूलन अभियान में केंद्र का सहयोग नहीं किया। दूसरी महत्वपूर्ण तारीख 24 अगस्त 2024 थी, जब सभी राज्यों के डीजीपी की बैठक में ÷नक्सल मुक्त भारत÷ का संकल्प लिया गया। तीसरी तारीख 31 मार्च 2026 रही, जब देश से नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य तय किया गया। वहीं 19 मई 2026 को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास की नई परिकल्पना को आगे बढ़ाया गया। बस्तर को अब देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाया जाएगा। प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा मौजूद थे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद इसलिए पनपा, क्योंकि इन क्षेत्रों में विकास नहीं पहुंचा, लेकिन विकास रुकने की सबसे बड़ी वजह भी नक्सलवाद ही था। उन्होंने बताया कि बस्तर जैसे विशाल क्षेत्र को नक्सल मुक्त बनाने के लिए करीब 200 सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए, जिनमें सीआरपीएफ डीआरजी और एसटीएफके जवान तैनात रहे। इनमें से करीब 70 कैंपों को अब ÷वीर शहीद गुण्डाधुर सेवा डेरा÷ में बदला जा रहा है। इन सेवा डेरों में बैंकिंग सुविधा, आधार केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर, स्वास्थ्य सेवाएं, प्राथमिक स्कूल और सरकारी योजनाओं की सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

#### बस्तर में बनेगा बड़ा डेयरी नेटवर्क

श्री शाह ने कहा कि पिछले 50 वर्षों से विकास से वंचित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अब ग्रामीणों को छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। महिलाओं को सिलाई मशीन प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें विकास की भागीदारी से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब विकास की भागीदारी महिलाओं की भी होगी। बस्तर में हर आदिवासी महिला को पशुपालन से जोड़ने की योजना है। सरकार महिलाओं को गाय और भैंस उपलब्ध कराएगी। 6 महीने में बस्तर में बड़ा डेयरी नेटवर्क बनेगा।

#### अब तेजी से होगा बस्तर का विकास

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि नक्सलवाद के कारण पूरा क्षेत्र विकास से कोसो दूर रह गया था। रोजगार की दूर-दूर तक नामोनिशान नहीं था। न गांव में बिजली पहुंची न पानी पहुंचा। अब सारी व्यवस्था सेवा डेरा के माध्यम से पूरे बस्तर में होगी। हमारे जवानों की साहस, बलिदान के कारण बस्तर अब नक्सल मुक्त हो चुका है। अब तेजी से बस्तर का विकास होगा। इसके पहले भी प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में बस्तर के विकास के लिए कई सारे काम कर चुके हैं।

अमित शाह ने कहा कि हमने 20 हजार 557 करोड़ की लागत से 12 हजार 211 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा कर दिया है। टोटल 13 हजार मोबाइल टावर का प्लानिंग किया है, जिसमें से 5 हजार मोबाइल टावर नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में लग चुके हैं। 1804 बैंक की शाखाएं खुली है। 1321 एटीएम खुल चुके हैं और 800 पोस्ट ऑफिस खोलने का काम भी समाप्त हो चुका है। 259 एकलव्य स्कूल, 46 आईटीआई, 49 स्कील डेवलपमेंट सेंटर बस्तर में खुल चुके हैं। युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

# समर कैम्प में बच्चों ने खेल-खेल में सीखे हुनर

### बच्चों ने माता-पिता के लिए अपने हाथों से बनाए खास कार्ड

**समवेत शिखर संवाददाता**



**गरियाबंद।** शहर के hope Coaching Center में आयोजित समर कैम्प बच्चों के लिए यादगार और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। पूरे कैम्प के दौरान बच्चों ने न सिर्फ नई-नई गतिविधियों में हिस्सा लिया, बल्कि खेल-खेल में शिक्षा, संस्कार और रचनात्मकता का भी बेहतरीन अनुभव हासिल किया।समर कैम्प में बच्चों को आउट बॉन्ड एक्टिविटी,आर्ट एंड क्राफ्ट,पेपर आर्ट,एजुकेशनल गेम,एक्शन सॉन्ग,बबल राइटिंग,फेस पेंटिंग, कैलिग्राफी,प्लांटेशन,बेसिक फर्स्ट ऐड,फायरलेस कुकिंग और फैंसी ड्रेस जैसी कई रोचक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हर गतिविधि में हिस्सा लिया।कैम्प के दौरान बच्चों को सिर्फ पढ़ाई और मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा गया,बल्कि उन्हें अच्छे संस्कारों की सीख भी दी गई।बच्चों को बड़ों का सम्मान करना,माता-पिता का आदर करना, जरूरतमंदों की मदद करना और व्यक्तिगत साफ सफाई बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। मदर्स डे के अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के लिए अपने हाथों से सुंदर कार्ड तैयार किए, जिसने पूरे कार्यक्रम को भावुक और खास बना दिया। बच्चों की रचनात्मकता और मासूमियत ने सभी का दिल जीत लिया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर बच्चों को स्वल्पाहार और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मिनटों में पहुंचेगी मदद, डायल 112 सेवा का हुआ विस्तार

### 'एक्के नंबर सब्बो बर 112'

**समवेत शिखर संवाददाता**



**फिंगेश्वर-गरियाबंद।** राजिम बस स्टैण्ड में आयोजित कार्यक्रम में गरियाबंद पुलिस को प्रदाय डायल 112 के 08 नई गाडियों को राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदू लाल साहू, पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय, राजिम पालिका अध्यक्ष महेश यादव, जिले के कलेक्टर बी.एस. उईके, गरियाबंद पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर, अति. पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल, एसडीओपी गरियाबंद निशा सिन्हा के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। आपातकालीन सेवा डायल 112 (Emergency Response Support System & ERSS) को और अधिक मजबूत और हाईटेक बनाने के साथ आम जनता को संकट के समय तुरंत सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से गरियाबंद जिले के थाना गरियाबंद, पाण्डुका, राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, मैनपुर, अमलीपदर, देवभोग को यह गाडियॉ प्रदाय किया गया है।

राजिम विधायक के द्वारा मंच को संबोधित करते हुए बताया की गरियाबंद पुलिस को 08 नए आधुनिक डायल 112 चार पहिया वाहन दिया गया है। इन वाहनों के आने से जिले की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। डायल 112 वाहनों के आने से पुलिस के पहुचने का समय काफी घट जाएगी। कॉल करने के बाद पुलिस चंद मिनटों में घटना स्थल पर पहुंच जाएगी। जिले के 08 थाना क्षेत्रों में 24 घंटे चैकस निगरानी के साथ पुलिस पेट्रोलिंग चालू रहेगी। सभी वाहनों में जीपीएस और आधुनिक संचार उपकरणों से लैस है। इससे कंट्रोल रूम तुरंत पीड़ित के सबसे नजदीकी वाहन को मौके पर रवाना करेगा।

जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक गरियाबंद ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति जैसे- सड़क दुर्घटना, अपराध, घरेलू हिंसा, आगजनी या कसी भी संकट के समय बिना संकोच 112 नंबर डायल करें। गरियाबंद पुलिस आपकी सुरक्षा और सेवा के लिए हर समय प्रतिबद्ध है।

# तालाब गहरीकरण के नाम पर मुरूम की अवैध बिक्री



**समवेत शिखर संवाददाता**

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक 01 में इन दिनों तालाब गहरीकरण का कार्य तेज़ी से चल रहा है, तालाब गहरीकरण के लिए 3 से 4 छ्ष्टक्क मशीन लगे हुए है,20 से 25 ट्रैक्टर से मिट्टी निकाला जा रहा तो वही 10 से 12 हाइवा से मुरूम निकाला जा रहा हैं, उस मुरूम का उपयोग नगर में मात्र प्रदर्शनी के तौर पर कही कही किया जा रहा, कही पर मोहल्ले में किया जा रहा तो कही नगर के नेताओ के अड्डों पर किया जा रहा हैं, उसके बाद बाक़ी मुरूम को हाइवा के माध्यम से कहीं सप्लाई किया जा रहा हैं, जो कि यह सप्लाई अवैध हैं ,अब इस अवैध कार्य को नगर पंचायत फिंगेश्वर के माध्यम से किया जा रहा कि उस ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा जो इस तालाब के गहरीकरण का अहम हिस्सा हैं ।

नगर सरकार चाहे तो इस मुरूम को सिर्फ़ नगर तक ही रखता या नियम से उस मुरूम को संबंधित तालाब के पास ही पार बनाने में किया जाता, जबकि यह मुरूम अन्य जगह सप्लाई हो रहा, अर्थात बेच दिया जा रहा जो कि अवैध हैं, अब इस मुरूम से मुनाफ़ा किसको हो रहा यह सोचनीय विषय हैं ?

इस विषय पर नगर के नेतागण मौन व चुप्पी साधे हुए हैं।

### सरकारी भूमि को निजी बताकर भाजपा विधायक ने खरीदा

**भोपाल।** उज्जैन में महाकाल मंदिर के पास पार्किंग में उपयोग हो रही जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज जमीन को निजी दिखाकर उसका सौदा किया गया। जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाने की तैयारी बताई जा रही है। मामले की शिकायत लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू और हाईकोर्ट तक पहुंची है। मामला करीब 45 हजार वर्गफीट जमीन से जुड़ा है। यह जमीन 2 मार्च 2026 को यूटोपिया बोटल एंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने 3.82 करोड़ रुपए में खरीदी। कंपनी के डायरेक्टर और साझेदारों में आलोट के भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय और इकबाल सिंह गांधी शामिल बताए जा रहे हैं। शिकायत के अनुसार सौदे में शामिल खसरों की कुछ जमीन वर्तमान में महाकाल मंदिर पार्किंग के रूप में उपयोग हो रही है। आरोप है कि यह भूमि पहले सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज थी, बाद में इसे निजी खातों में दर्ज कर दिया गया।

# भाटापारा क्षेत्र में प्रचंड गर्मी से पारा 44 पार

### भू-जल स्तर भी लगातार नीचे पहुंचा

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र में इन दिनों तेज व भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जिसके कारण लोग कुलर पंखो के चलने के बावजुद परेशानी का अनुभव करते रहे । इस बीच दिन व रात में अनेक बार विद्युत आपूर्ति बंद होने की वजह से लोगो को गर्मी की बेचैनी के साथ साथ मच्छरों की मार से भी जुझना पड़ रहा है ।



फलस्वरूप दिन व रात में लोगो की जहां नींद पुरी नहीं हो रही है । वही भीषण गर्मी से लोग व्याकुल है जबकि अज़ी आने वाले नौतपा का सामना ज़ी 25 मई से करना होगा। इस बीच सूर्य के तीखे तेवर वाले प्रहार से लोग हलाक ान है जिसके चलते आम नागरिक प्रातः 11 बजें से घरों में कैद होने लगे है वहीं बैंक बीमा व अन्य दफ्तरों में भीषण गर्मी के कारण चहल पहल कमजोर है। लोगो के घरों व सरकारी अर्ध सरकारी दफ्तरों में लगे कुलर पंखो से ज़ी लोग राहत महसुस नही कर पा रहे है क्योकि हीटवेव के चलते कुलर पंखे ज़ी गर्म हवा फेक रहे है । भीषण गर्मी के मार से ट्रेन व बस में सफर कर रहे यात्री के साथ साथ कृषि उपज मंडी के हमाल रेजा कुली तौलया व गाड़ीवान के साथ साथ पोहा , राईस एवं दाल मिलों के कर्मचारी भी गर्मी से परेशान है। इस बीच ज़ीषण गर्मी के कारण हॉटल व अन्य कैंटिन में चाय की बिक्री कमजोर हो गई है व नगर में ठंडे पेय पदार्थ, बर्फ , कुल्फी , आईसक्रीम, ठंडा जुस , गन्ना रस व फलो के रस की जबरदस्त बिक्री हो रही है। जबकि कमरतोड़ महंगाई का सिलसिला जारी है । लोग देर रात तक अपने परिवार के साथ ठंडे पेय पदार्थो का आनंद लेने उमड़ पड़े है । भीषण व प्रंचड गर्मी के बीच नगर के शासकीय अस्पताल के अलावा तीन दर्जन से अधिक छोटे बड़े निजी अस्पतालों में उल्टी दस्त बुखार व हाथ पैर दर्द के पीड़ित मरीज बड़ी तादाद में पहुंच रहे है जिसके कारण तमाम अस्पताल मरीजों से ज़रे पड़े है। इस बीच डॉक्टरों ने लोगो को तेज धुप में बिना किसी सुरक्षा के नही निकलने की सलाह दी है व गर्मी से बचने अधिक से अधिक पानी व अन्य पेय पदार्थ व मौसमी जुस का सेवन क र शरीर की सुरक्षा बनाये रखने की अपील की है। भीषण व तेज गर्मी के बीच शहर का भू - जल स्तर भी नीचे जा रहा है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के बघेल नगर के बीती रात्रि बोर खनन कराने वाले एक नागरिक के हौसले उस वक्त पश्त हो गये जब 461 फीट बोर खनन के उपरांत भी पानी नहीं निकला लेकिन आगे खनन प्रक्रिया जारी रखने पर 470 फीट नीचे डेढ़ इंच पानी का स्त्रोत आने पर उसके मन में कुछ संतोष पहुंचा । गर्मी के चलते शहर व क्षेत्र के सैकड़ो सार्वजनिक बोर से पानी नही निकल रहा है वहीं अनेक तालाब नहर , डबरी सुख चले है जिसके कारण लोग पानी की तलाश में भटक रहे है। क्षेत्र की जीवन दायनी शिवनाथ नदी का जल प्रवाह ज़ी अब खंडित होने लगा है । अनेक स्थानों पर जल प्रवाह की धारा टुटने लगी है जिससे लोग चिंतित है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बिलासपुर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने लोगों की समस्याएं सुनी। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने कलेक्टर से मिलकर निजी एवं सामुदायिक शिकायत संबंधी आवेदन दिया। कलेक्टर ने अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल एवं एडीएम श्री शिवकुमार बनर्जी ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में ग्राम पंचायत उड़ेला के किसानों ने जनदर्शन में सामूहिक आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम के जनक राम कौशिक व जगत कौशिक द्वारा आम निस्तारी रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया गया है जिस कारण से लगभग 25 किसानों को किसानी के लिए आने जाने में परेशानी हो रही है। ग्राम चकरभाठा निवासी श्रीमती प्रभा मानिकपुरी ने अपने दिव्यांग पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं होने की शिकायत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। आवेदन में बताया गया कि अस्पताल एवं संबंधित विभाग में आवश्यक जानकारी दर्ज नहीं होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत कपसियाखुर्द के पूर्व सरपंच कमल बाई राजपूत द्वारा पंचायत क्षेत्र में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों की भुगतान राशि लंबित होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने कार्यों के सत्यापन एवं भुगतान की मांग की है। विजयपुर निवासी बहोरिक पाल ने राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूमि संबंधी त्रुटि सुधार कराने हेतु आवेदन दिया।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

- समाधान शिविर में आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी गंभीरता से करें कार्य : कलेक्टर
- पेट्रोल-डीजल को लेकर जिला प्रशासन की अपील, नागरिक अफ़वाहों से रहें सतर्क, जरूरत अनुसार ही करें उपयोग
- विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से की गई समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज 19 मई 2026 कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि शासन के मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंड के चिन्हांकित स्थलों में जनसमस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को शिविर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। ताकि शिविर में आने वाले आमजन को स्वास्थ्य सम्बन्धी समुचित इलाज किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों एवं उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी अफ़वाह अथवा भ्रम पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल-डीजल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने अनावश्यक खरीदी एवं भंडारण से बचने की भी अपील की है। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुवे स्वास्थ्य विभाग को सभी एम्बुलेंस वाहनों को दुरुस्त रखने कहा, ताकि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित होती रहें। गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने बिजली विभाग को भी विद्युत व्यवस्था का सुचारु एवं बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ तेजी से दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक सेवा गारंटी, लंबित पेंशन प्रकरणों सहित अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने तहसीलवार विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गए। साथ ही विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन एवं जनचौपाल में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, वनमण्डलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, अपर कलेक्टर के एस पैकरा, संयुक्त कलेक्टर अरुण कुमार सोम, एसडीएम सक्ती सुश्री कावेरी मरकाम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, एसडीएम डभरा विनय कुमार कश्यप, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जनसमस्या निवारण शिविर बना समस्याओं के समाधान का सशक्त मंच

- 831 आवेदनों में से 131 का मौके पर हुआ निराकरण, 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उठाया योजनाओं का लाभ
- विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी
- 20 को तमनार के जरेकेला में आयोजित होगा अगला शिविर

समवेत शिखर संवाददाता



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत आज विकासखंड खरसिया के ग्राम दर्री में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्लस्टरवार 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले शिविर में कुल 831 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 131 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में 20 मई को तमनार विकासखंड के जरेकेला में अगला शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी राठिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ मौके पर लाभान्वित भी किया गया। शिविर में एग्रीस्टैक पंजीयन, ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। राशन कार्ड एवं पेंशन योजनाओं से जुड़े प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हे बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। वहीं नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र, सक्षम योजना के चेक एवं बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

उद्यानिकी विभाग द्वारा निःशुल्क पौधों का वितरण तथा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं और सहायता का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

## ईंधन आपूर्ति, जनसुविधा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर सख्त, पेट्रोल पंप संचालकों को दिए आवश्यक निर्देश

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित, कालाबाजारी रोकने और सुचारु ईंधन उपलब्धता सुनिश्चित करने प्रशासन सतर्क

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु उपलब्धता, जनसुविधा, सुरक्षा व्यवस्था तथा बेहतर समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ईंधन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं नियंत्रित बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेट्रोल अथवा डीजल जर्किन, डिब्बे या अन्य किसी कंटेनर में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नहीं दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा ईंधन की उपलब्धता सामान्य बनी रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिस निगरानी रखने के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अफ़वाह या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर ने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार आवश्यक कदम उठा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, जिला खाद्य अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व जिले के पेट्रोल डीजल पम्प संचालक आदि उपस्थित रहे।

## इंजको में गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा की रसधारा

### 24 से 31 मई तक वनदेवी मंदिर प्रांगण में होगा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** ग्राम इंजको स्थित माँ वनदेवी मंदिर परिसर आगामी 24 मई से 31 मई 2026 तक भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक रसधारा से सराबोर रहने वाला है। अधिमास के पावन अवसर पर माँ वनदेवी परिवार इंजको द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होने वाली इस कथा में श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में भगवान श्रीहरि की दिव्य लीलाओं का रसपान करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार 24 मई को प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात व्यासपीठ से आचार्य श्री दिलीप उपाध्याय जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) अपनी मधुर, रसमयी एवं भक्तिमय वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य वर्णन करेंगे।



आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। कथा आयोजन को परम पूज्य श्री मलूक पीठाधीश्वर डॉ. श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज एवं पूज्य गुरुदेव डॉ. नारायणदत्त श्रीमाली जी का आशीर्वाद प्राप्त है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित उपस्थित होकर कथा अमृत का लाभ लेने का आग्रह किया है।

**प्रतिदिन सुनाई जाएंगी भगवान की दिव्य लीलाएं**

कथा के प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महात्म्य, चौबीस अवतार कथा, कुंती-भीष्म स्तुति एवं परीक्षित-शुकदेव मिलन का वर्णन होगा। दूसरे दिन विराट वर्णन, कपिल उपाख्यान, वराह अवतार एवं शिव चरित्र की प्रस्तुति होगी। तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा एवं भगवान नरसिंह अवतार का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। चौथे दिन गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम कथा एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, कालिया मर्दन एवं गोवर्धन लीला श्रद्धालुओं को भावविभोर करेगी।

छठवें दिन महारास लीला, कंस वध, उद्धव-गोपी संवाद एवं रुक्मिणी विवाह का अलौकिक वर्णन होगा। सातवें दिन सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष, शुकदेव पूजन एवं दत्तात्रेय उपाख्यान के साथ कथा विश्राम होगा।

वहीं 31 मई रविवार को हवन एवं विशाल भण्डारा का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा।

÷बिन सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिन सुलभ न सोई÷ की भावना के साथ आयोजित यह आध्यात्मिक महोत्सव क्षेत्रवासियों के लिए धर्म, भक्ति और संस्कार का अनुपम संगम बनने जा रहा है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## सुशासन तिहारः शिवरीनारायण एवं बंसुला में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण तथा नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर पंचायत शिवरीनारायण के सतसंग भवन एवं जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत बंसुला स्थित पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत शिवरीनारायण में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिक शामिल हुए। वहीं बंसुला क्लस्टर अंतर्गत सोनाईडीह, गोविंदा, करनौद, नक्टीडीह, चोरहादेवरी, तालदेवरी, बोरसी, गतवा, सिलादेही, देवरानी, बंसतपुर, देवरहा, बिर्रा, कपिस्दा, बंसुला, सेमरिया, बनडभरा एवं सोनादह सहित कुल 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने शिविर में सहभागिता की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को जाल, जाति प्रमाण पत्र, किसान किताब, बी-1, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नक्शा-खसरा, चेक एवं सम्मान पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान स्व-सहायता समूहों की दीदियों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों की चाबियां हितग्राहियों को सौंपी गईं। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत बंसुला में आयोजित शिविर में कुल 1171 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 1108 मांग एवं 63 शिकायत से संबंधित है।

जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोहन कुमारी साहू एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**20 मई को ग्राम पंचायत अमोरा में आयोजित होगा शिविर**-सुशासन तिहार अंतर्गत 20 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत अमोरा स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस क्लस्टर में अमोरा, सेंदरी, महंत, खैरा, दर्री, घुठिया, चौराभांठा, अवरीद, चोरभट्ठी, बुड़ेना, जगमहंत, सिंऊड़, दहिदा, बरबसपुर, सेमरा, तेन्दुआ, गिद्धा, पोंड़ी एवं कोटिया ग्राम पंचायत शामिल रहेंगे।

## मौत का रास्ता बना पत्थलगांव शहर, 10 साल से फाइलों में दौड़ रहा बाईपास, सड़कों पर दौड़ रही मौत!

### करोड़ों का मुआवजा बंटा, लेकिन एक इंच सड़क नहीं बनी, आखिर कब जागेगा प्रशासन?

समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव शहर का बहुप्रतीक्षित बाईपास सड़क अब लोगों के लिए विकास नहीं, बल्कि एक अधूरा सपना और प्रशासनिक लापरवाही की दर्दनाक मिसाल बन चुका है। वर्षों पहले शहर के भीतर बढ़ते यातायात दबाव और लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए शासन ने बड़े स्तर पर बाईपास सड़क निर्माण की योजना बनाई थी। इसके लिए जमीन अधिग्रहण कर करोड़ों रुपए का मुआवजा भी जमीन मालिकों को बांटा गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि एक दशक गुजर जाने के बाद भी बाईपास सड़क का निर्माण ÷एक इंच÷ तक आगे नहीं बढ़ पाया।




शहरवासियों का कहना है कि बाईपास सड़क नहीं बनने का खामियाजा अब आम नागरिक अपनी जान देकर चुका रहे हैं। बीते वर्षों में शहर के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण 10 से अधिक युवाओं की दर्दनाक मौत सड़क हादसों में हो चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन हर हादसे के बाद केवल आश्वासन का मरहम लगाकर चुप्पी साध लेते हैं।

पत्थलगांव शहर की सड़कें अब बढ़ती आबादी और वाहनों के दबाव से कराहने लगी हैं। दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था को राहत देने वाला बाईपास आज भी सरकारी फाइलों में धूल फांक रहा है। नागरिकों का आरोप है कि शासन ने करोड़ों रुपए खर्च कर जमीनों का मुआवजा तो दे दिया, लेकिन सड़क निर्माण शुरू नहीं होने से कई जमीन मालिक आज भी उसी जमीन का दोहरा फायदा उठा रहे हैं।

शहरवासियों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बाईपास निर्माण शुरू करने की मांग उठाई, लेकिन हर बार सिर्फ ÷जल्द निर्माण होगा÷ का झुनझुना थमा दिया गया। अब लोगों में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर डबल इंजन सरकार में भी पत्थलगांव को बाईपास सड़क जैसी मूलभूत सुविधा क्यों नहीं मिल पा रही है?

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द बाईपास निर्माण शुरू नहीं हुआ तो आने वाले समय में शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो जाएगी और सड़क हादसों का ग्राफऔर भयावह रूप ले सकता है।

अब बड़ा सवाल यही है–

क्या पत्थलगांव के नागरिक यूं ही मौत के साए में जीते रहेंगे?

या फिर शासन-प्रशासन चुनावी वादों से बाहर निकलकर इस ÷मौत के ट्रैफिक जाम÷ का स्थायी समाधान करेगा?

## मेडिकल स्टोर बंद के बीच नहीं रुकेगी दवा सेवा, जिला प्रशासन ने की विशेष व्यवस्था

### 20 मई को प्रस्तावित ऑल इंडिया मेडिकल स्टोर बंद के दौरान आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने विशेष व्यवस्था

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑनलाइन औषधियों की बिक्री के विरोध में विभिन्न केमिस्ट संगठनों द्वारा 20 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी मेडिकल स्टोर बंद को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों एवं मरीजों को आवश्यक दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सक्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के समस्त औषधि विक्रेताओं, जनऔषधि केन्द्रों, धन्वंतरि मेडिकल स्टोर्स, शासकीय चिकित्सालयों एवं अन्य औषधि वितरण केन्द्रों को आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिला औषधि विक्रेता संघ, सक्ती द्वारा भी आपातकालीन दवा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसी भी मरीज को आकस्मिक दवा आवश्यकता होने पर संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार सदस्य से संपर्क कर आवश्यक दवा प्राप्त की जा सकेगी। आपातकालीन दवा उपलब्धता हेतु नियुक्त सदस्य एवं संपर्क नंबर दिए गए जिनमें विजय डालमिया, सक्ती ☎ 9301233463, विनोद बंसल, सक्ती ☎ 7000292626, अजय अग्रवाल, चंद्रपुर ☎ 9981158736, प्रमोद चंद्रा, मालखरौदा ☎ 9977668843, मनीष अग्रवाल, जैजैपुर ☎ 7987802440, परमानंद जांगड़े, हसौद ☎ 9758555665, पुरू साहू, डभरा ☎ 9300282955, कान्हा अग्रवाल, बाराद्वार ☎ 7974756465 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि अनावश्यक रूप से दवाओं का संग्रहण न करें तथा नियमित रूप से दवा सेवन करने वाले मरीज चिकित्सकीय परामर्श अनुसार आवश्यक दवाएं पूर्व में सुरक्षित रख लें। गंभीर मरीजों, वरिष्ठ नागरिकों एवं नियमित उपचाराधीन व्यक्तियों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने की भी अपील की गई है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफ़वाहों पर ध्यान न देने तथा केवल अधिकृत सूचनाओं पर विश्वास करने की अपील की है।